UPHIN/2011/39718 (डिजिटल संस्करण) बुन्देलखण्ड का सबसे दबंग अखबार


संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक
7905027565
9415055318

# दैनिक यंग भारत

निष्पक्ष नज़र निर्भीक खबर

Digital Edition

यंग भारत तेज न्यूज़

सहयोगी प्रकाशन/प्रसारण
दैनिक वास्तविक समाज वाद-लखनऊ
प्रमुख उर्दू दैनिक तामीरे नौ -लखनऊ

वर्ष-14 अंक-252 कीर्ति शेष रामेश्वर दयाल श्रीवास्तव (लम्बरदार) की स्मृति में उरई (जालौन) मंगलवार 25 अगस्त 2026 youngbharatE-

## काल गणना मनु ने दी, आपके नाना-परनाना ने नहीं', राहुल गांधी पर बरसे योगी, कहा- देश को आपसे कोई अपेक्षा नहीं


संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक

( यंग भारत न्यूज )

**रायबरेली:** सीएम योगी आदित्यनाथ ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के महाराष्ट्र में दिए बयान पर पलटवार किया है। सीएम योगी ने कहा कि राहुल गांधी बेटियों को भड़काने का काम कर रहे हैं। सीएम योगी ने कहा कि राहुल गांधी कहते हैं कि मनुस्मृति से बाहर निकल आएं। उन्होंने कहा कि काल गणना मनु ने दी। राहुल जी, यह आपके नाना ने नहीं दी है, परनाना ने नहीं दी है, आपकी दादी ने नहीं दी है। सीएम योगी ने राहुल गांधी के बयान का जिक्र किया। सीएम योगी बयान पर प्रति ?क्रिया देते हुए राहुल गांधी पर जमकर बरसे। कहा कि राहुल गांधी के रूप में ये देश आपसे बहुत अपेक्षा नही करता, लेकिन भारत की संसद में नेता प्रतिपक्ष के रूप में आपको देश के लोकतंत्र के रूप में जवाबदेह बनाता है।




सीएम योगी रायबरेली में वीर सेनानायक राना बेनी माधव बख्श सिंह की जयंती पर लोगों को संबोधित कर रहे थे। सीएम योगी ने कहा कि जो समाज अपने पूर्वजों को भूल जाते हैं, उसका कोई भविष्य नही होता। सीएम योगी राहुल गांधी पर जमकर बरसे। सीएम योगी ने कहा कि दुर्भाग्य से भारत की परंपरा और मूल्यों को विस्मृत करके भ्रम में डालकर एक ठेका ले लिया है, भारत के खिलाफ षडयंत्र करने का। सीएम योगी ने राहुल गांधी के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि आपने संविधान की शपथ ली थी, आप भारत की परंपरा को विरासत को कोसना अपना जन्मसिद्ध अधिकार समझते हैं। यूपी के बाहर जाते हैं तो यूपी को लांछित और अपमानित करते है, भारत के बाहर जाते हैं तो भारत का अपमान करते हैं। योगी ने राहुल पर जमकर हमला बोला, उन्होंने कहा कि भारत की सेना जब सीमाओं पर लड़ती है तो आप भारत सेना से प्रमाण मांगते हैं,आतंकवाद के खिलाफ देश की लड़ाई में देशद्रोही तत्वों को प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष रूप से प्रोत्साहित करते हैं। सीएम योगी ने कहा कि अयोध्या में भगवान राम के अस्तित्व पर आपकी पार्टी प्रश्न खड़ा करती है, और लोकतंत्र के प्रति आपकी निष्ठा क्या है, यह तो 1975 में इस देश ने आपातकाल के काले साये को देखा है। सीएम योगी ने राहुल को सलाह देते हुए कहा कि सीएम योगी ने राहुल गांधी को सलाह दी कि मनु को जानना है,तो अथर्ववेद पढ़िए, मत्स्य पुराण पढ़िए, सारी जानकारी मिल जाएगी।

## 'मेरी जवानी के सपने मत देखो' कंगना रनौत के इस बयान पर अब बाबा रामदेव ने तोड़ी चुप्पी, दिया करारा जवाब

( यंग भारत न्यूज )

बीजेपी सांसद और एक्ट्रेस कंगना रनौत और योग गुरु बाबा रामदेव के बीच शुरू हुआ विवाद अब थमता दिख रहा है। कंगना ने रामदेव की टिप्पणी के जवाब में उन्हें अपनी जवानी और निजी जिंदगी पर टिप्पणी नहीं करने की सलाह दी थी। अब रामदेव ने कहा है कि वह इस मामले को और आगे नहीं बढ़ाना चाहते। उन्होंने यह भी कहा कि देश उनके काम और योगदान को जानता है।



पूरी कहानी कंगना के जेन-जी को लेकर दिए गए बयान से शुरू हुई। कंगना ने कुछ युवा प्रदर्शनकारियों और युवाओं के एक हिस्से पर निशाना साधते हुए उन्हें ' कहा था। बाद में उन्होंने साफ किया कि उनका निशाना पूरी जेन-जी नहीं थी, बल्कि कुछ खास लोगों और महिलाओं के व्यवहार पर उनकी टिप्पणी थी। कंगना के इस बयान पर रामदेव ने आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि देश के युवाओं को इस तरह संबोधित करना सही नहीं है। रामदेव ने सवाल उठाते हुए कंगना के बचपन, जवानी और पुराने बयानों का जिक्र भी किया। रामदेव ने कहा, 'किसी भी देश के युवाओं को 'गटर' कहना गलत सोच की निशानी है। युवाओं में कुछ गलत चीजें हो सकती हैं, लेकिन पूरा युवा वर्ग देश की बड़ी ताकत है। किसी एक चेहरे या व्यक्ति को युवाओं की पूरी आवाज नहीं माना जा सकता।' रामदेव की टिप्पणी के बाद कंगना ने इंस्टाग्राम स्टोरी के जरिए जवाब दिया। उनका जवाब काफी तीखा था। उन्होंने रामदेव से कहा कि वह उनकी निजी जिंदगी और जवानी को लेकर अनुमान न लगाएं। साथ ही उन्होंने रामदेव को अपने चरित्र पर सीख देने से भी मना किया। 'बाबा जी, मेरी जवानी या बेडरूम को लेकर दिन में सपने मत देखिए। ऐसी बातें सिर्फ अफवाहों और गॉसिप के आधार पर ही कही जा सकती हैं। मुझे चरित्र का पाठ पढ़ाने से पहले अपने विवादों को देखिए। मेरा चरित्र आपसे बेहतर है और मेरे नाम से कोई फ्रॉड नहीं जुड़ा है।' कंगना ने इसी पोस्ट में सुप्रीम कोर्ट और पतंजलि के 2024 के भ्रामक विज्ञापन मामले का भी जिक्र किया। उस मामले में बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण ने सुप्रीम कोर्ट के सामने बिना शर्त माफी मांगी थी। 'बुर्के वाली बेटी ने ऐसा नहीं किया', कंगना रनौत ने क्यों कहा ऐसा? हिंदू लड़कियों पर भी दे डाला बड़ा बयान रविवार को रामदेव ने इस पूरे विवाद पर आगे टिप्पणी करने से दूरी बनाने का संकेत दिया। उन्होंने कहा कि वह मामले को बढ़ाना नहीं चाहते। रामदेव ने कहा, 'मैं इस विवाद को और आगे नहीं बढ़ाना चाहता। स्वामी रामदेव कौन हैं और देश के लिए मेरा योगदान क्या रहा है, यह लोग जानते हैं। इसलिए मैं ऐसे लोगों पर आगे कोई टिप्पणी नहीं करना चाहता।' यानी रामदेव की तरफ से फिलहाल विवाद पर ब्रेक लगाने का संकेत है। हालांकि, दोनों के बीच हुई बयानबाजी ने सोशल मीडिया पर काफी चर्चा बटोरी है। बयानबाजी ने सोशल मीडिया पर काफी चर्चा बटोरी है। इसी बातचीत के दौरान रामदेव ने वंदे मातरम् और भारत माता को लेकर भी अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि उनके लिए भारत माता आस्था, ज्ञान और शक्ति का प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम् में देवी-देवताओं या धार्मिक प्रतीकों के संदर्भ पर सवाल उठाने वालों को भारतीय संस्कृति और संस्कृत के अर्थ को बेहतर तरीके से समझना चाहिए। रामदेव ने कहा कि भारत माता उनके लिए आस्था, ज्ञान, मंदिर, पूजा, कर्तव्य, उद्देश्य और जीवन का केंद्र हैं। रामदेव ने बातचीत में देश में लगातार सुधार की जरूरत पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, अर्थव्यवस्था, कृषि और लोकतंत्र के अलग-अलग हिस्सों में सुधार जारी रहना चाहिए। उनके मुताबिक सरकार इन क्षेत्रों में काम कर रही है और आगे भी बदलाव की जरूरत रहेगी। उन्होंने यह भी कहा कि कुछ लोग यह मानते हैं कि देश में कुछ अच्छा नहीं हो रहा। रामदेव ने कम उम्र के बच्चों को प्रदर्शनों में शामिल करने और पुलिस थानों, एसपी या जिला अधिकारियों के दफ्तरों के घेराव जैसी गतिविधियों पर भी सवाल उठाया। फिलहाल कंगना और रामदेव के बीच शब्दों की यह जंग शांत होती दिख रही है। लेकिन जेन-जी, युवाओं की छवि और सार्वजनिक जीवन में नेताओं की भाषा को लेकर शुरू हुई बहस ने एक बड़ा सवाल जरूर खड़ा कर दिया है कि असहमति जताने की सीमा आखिर कहां तक होनी चाहिए।

## जेन-जी नहीं, यूपी चुनाव का खेल पलटेंगे ये 3 वर्ग. इनकी संख्या 67 प्रतिशत

( यंग भारत न्यूज )

प्रदेश की राजनीति में चुनावी मुकाबला सिर्फ युवाओं, सोशल मीडिया और जेन-जी के भरोसे तय नहीं होता. जमीन पर ऐसे बड़े वर्ग भी हैं, जिनकी मौजूदगी घर-घर और गांव-गांव में दिखाई देती है.

सीएसडीएस-लोकनीति के उत्तर प्रदेश पोस्ट-पोल सर्वे के आंकड़ों को देखें तो गृहिणी, मजदूर-किसान और घर पर रहने वाले बुजुर्ग मिलकर करीब 67 प्रतिशत बैठते हैं. यानी चुनावी राजनीति में इन वर्गों की भूमिका को नजरअंदाज करना किसी भी दल के लिए आसान नहीं होगा. सर्वे में 30.2 प्रतिशत उत्तरदाता गृहिणी थीं. वहीं मजदूर, किसान और कृषि मजदूरों को जोड़ने पर यह हिस्सेदारी करीब 29.4 प्रतिशत पहुंचती है. इसके अलावा 56 वर्ष और उससे ज्यादा उम्र के लोगों की अलग श्रेणी भी 19.2 प्रतिशत थी, जबकि घर पर रहने वाले बुजुर्ग बतौर प्रोफेशनल कैटेगरी 7.7 प्रतिशत दर्ज किए गए. अब सवाल यह है कि ये तीन वर्ग चुनाव में इतना असर क्यों डाल सकते हैं? इसकी सबसे बड़ी वजह इनका सीधा जुड़ाव घर की अर्थव्यवस्था, खेती, रोजमर्रा की जरूरतों और सरकारी योजनाओं से है.गृहिणी के लिए राशन, महंगाई, गैस, परिवार की आमदनी और सरकारी मदद जैसे मुद्दे अहम हो सकते हैं.




किसान और मजदूर के लिए फसल का दाम, रोजगार, खेती की लागत और आय से जुड़े सवाल ज्यादा मायने रखते हैं. बुजुर्गों के लिए घर की सुरक्षा, सरकारी सहायता और परिवार की आर्थिक स्थिति जैसे मुद्दे महत्वपूर्ण हो सकते हैं. ष्टस्ष्ठस् के 2022 सर्वे में महंगाई को लेकर 63.4 प्रतिशत वैध उत्तरदाताओं ने कहा कि इसका उनके मतदान फैसले पर बहुत या काफी असर पड़ा. विकास के मुद्दे पर यह आंकड़ा 73.8 प्रतिशत और बेरोजगारी पर करीब 70.7 प्रतिशत रहा. यानी वोटर के फैसले में सीधे जीवन से जुड़े मुद्दों की बड़ी भूमिका थी.

चुनावी गणित में क्यों खास हैं ये तीन वर्ग?

गृहिणियां: 30.2 प्रतिशत उत्तरदाता गृहिणी थीं, जो किसी भी चुनावी रणनीति के लिए बड़ा वोट बैंक बन सकता है.

किसान और मजदूर: किसान, खेतिहर मजदूर और सामान्य मजदूरों को जोड़ने पर हिस्सेदारी करीब 29.4 प्रतिशत बैठती है.

घर पर रहने वाले बुजुर्ग: सर्वे में 7.7 प्रतिशत लोगों ने खुद को घर पर रहने वाले बुजुर्ग के रूप में बताया.

जेन-जी की तुलना: सर्वे में 25 साल तक की उम्र वाले उत्तरदाता 12.3 प्रतिशत थे.

यूपी का असली वोट गणित

गृहिणियों के हाथ में घर की राय का असर

राजनीतिक दलों के लिए महिलाओं का वोट लगातार महत्वपूर्ण होता गया है. गृहिणियां खुद चुनाव में वोट डालने के साथ परिवार के भीतर मुद्दों पर चर्चा और राय बनाने में भी भूमिका निभा सकती हैं. हालांकि यह कहना सही नहीं होगा कि हर महिला एक ही मुद्दे पर या एक ही पार्टी को वोट देती है. फिर भी घरेलू खर्च और परिवार की जरूरतों से जुड़े सवाल उनके लिए सीधे महत्व रखते हैं. 2022 के सर्वे में मुफ्त राशन का लाभ मिलने की बात भी बड़ी संख्या में लोगों ने बताई. 28.8 प्रतिशत ने राज्य सरकार, 16.6 प्रतिशत ने केंद्र और 28.5 प्रतिशत ने दोनों सरकारों से मुफ्त राशन मिलने की बात कही. इससे समझ आता है कि कल्याणकारी योजनाएं मतदाताओं के अनुभव का हिस्सा बन चुकी थीं. उत्तर प्रदेश की राजनीति में किसान और मजदूर हमेशा महत्वपूर्ण रहे हैं. सीएसडीएस के आंकड़ों में 13.6 प्रतिशत लोग किसान, 8.4 प्रतिशत भूमिहीन कृषि मजदूर और 7.4 प्रतिशत सामान्य मजदूर बताए गए हैं.

## पड़ोसी मुल्क बांग्लादेश में हिंदुओं के सिर पर नाच रही है मौत

# 4 कत्ल के बाद 7 घंटे तक उसी घर में क्या करते रहे हत्यारे?

# खीरा-खजूर, नशा और नहाने की कहानी ने खोला खौफनाक राज

**लगातार हो रही हैं घटनायें**

(प्रधान सम्पादक)
(यंग भारत न्यूज)

बांग्लादेश के रंगपुर शहर में एक हिंदू परिवार के चार सदस्यों की हत्या ने पूरे इलाके को झकझोर दिया है। मृतकों में 65 वर्षीय रिटायर्ड स्कूल शिक्षक गणपति चक्रवर्ती, उनकी पत्नी प्रीतिलता चक्रवर्ती, उनकी बेटी आगमी चक्रवर्ती और 12 वर्षीय बेटे प्रियम चक्रवर्ती की पहचान हुई है।

चारों के शव 22 अगस्त की रात उनके घर से बरामद किए गए थे। इस मामले में पुलिस ने दो युवकों को हिरासत में लिया है और पूछताछ के दौरान उनके कथित कबूलनामे के आधार पर हत्या की वजह और घटनाक्रम सामने आने का दावा किया है। पुलिस के मुताबिक, शुरुआती जांच में मामला लूट जैसा दिखाई दे रहा था, क्योंकि घर के अंदर सामान बिखरा हुआ था, अलमारियां और दराजें खुली थीं तथा बिजली का कनेक्शन काट दिया गया था। लेकिन जांच आगे बढ़ने पर पुलिस ने दावा किया कि हत्या की शुरुआत घर की छत पर नशीली गोली 'याबा' लेने को लेकर हुए विवाद से हुई। पुलिस के अनुसार, दोनों संदिग्ध युवक गणपति चक्रवर्ती के घर की छत पर याबा ले रहे थे। गणपति ने उन्हें ऐसा करने से रोकने की कोशिश की। इसके बाद कथित तौर पर दोनों ने एक-एक करके परिवार के चारों सदस्यों की हत्या कर दी। परिजनों के मुताबिक, परिवार से आखिरी संपर्क 21 अगस्त की दोपहर हुआ था। इसके बाद परिवार के चारों मोबाइल फोन बंद मिलने लगे। जब काफी समय तक कोई संपर्क नहीं हुआ तो रिश्तेदार शनिवार रात उनके घर पहुंचे। घर का मुख्य दरवाजा बंद था और अंदर की लाइटें भी बंद थीं। संदेह होने पर पुलिस को सूचना दी गई।



पुलिस के पहुंचने के बाद घर का ताला तोड़ा गया। अंदर प्रवेश करने पर चारों के शव अलग-अलग स्थानों पर मिले। घटनास्थल से दुर्गंध भी आ रही थी, जिससे संकेत मिला कि हत्या को कुछ समय बीत चुका था। पुलिस और सीआईडी ने मौके को घेरकर जांच शुरू की तथा शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। रंगपुर मेट्रोपॉलिटन पुलिस कमिश्नर मोहम्मद अब्दुल माबूद के अनुसार, संदिग्ध युवकों ने पड़ोसी इमारत की मदद से गणपति चक्रवर्ती के घर की छत तक पहुंच बनाई थी। पुलिस का दावा है कि दोनों वहां याबा का सेवन कर रहे थे। छत से आवाज सुनकर गणपति ऊपर पहुंचे और दोनों युवकों से वहां नशीली दवा लेने पर सवाल किया। पुलिस के अनुसार, आरोपियों को आशंका हुई कि गणपति उन्हें पहचान लेंगे और उनके खिलाफ कार्रवाई हो सकती है। इसके बाद कथित तौर पर उन्होंने गणपति के गले में तौलिया लपेटकर उनकी हत्या कर दी। गणपति की आवाज सुनकर उनकी पत्नी प्रीतिलता सीढ़ियों की तरफ पहुंचीं। पुलिस के मुताबिक, उन्हें भी गला दबाकर मार दिया गया। इसके बाद उनकी बेटी आगमी ऊपर आने लगीं तो कथित तौर पर उनकी भी हत्या कर दी गई। घर में सो रहे 12 वर्षीय प्रियम को भी आरोपियों ने निशाना बनाया। पुलिस का कहना है कि चारों की हत्या कथित तौर पर गला दबाकर की गई। इस मामले का सबसे चौंकाने वाला पहलू हत्या के बाद संदिग्धों का कथित तौर पर उसी घर में घंटों तक मौजूद रहना है। पुलिस के अनुसार, चार लोगों की हत्या करने के बाद दोनों आरोपी तुरंत फरार नहीं हुए।पुलिस का दावा है कि दोनों ने घर के अंदर ही स्नान किया। इसके बाद उन्होंने फ्रिज से खीरा और खजूर निकाले और खाए। पुलिस के अनुसार, उन्होंने याबा का सेवन भी किया। इसके बाद उन्होंने घर के अंदर सामान को इधर-उधर बिखेर दिया, अलमारियों और दराजों को खोल दिया और घटनास्थल को लूट की वारदात जैसा दिखाने का प्रयास किया।जांचकर्ताओं के मुताबिक, कुछ आभूषण भी गायब मिले। पुलिस का कहना है कि संदिग्धों की निशानदेही पर कथित तौर पर लूटे गए सोने के आभूषण बरामद किए गए हैं। इसके अलावा पुलिस को घर में याबा लेने से जुड़े सामान भी मिले हैं। जांच में यह भी सामने आया कि परिवार के दो मोबाइल फोन कथित तौर पर पानी और डिटर्जेंट के मिश्रण में डुबोए गए थे। पुलिस को आशंका है कि ऐसा सबूत मिटाने या फिंगरप्रिंट जैसे सुराग नष्ट करने के लिए किया गया होगा। घर में मिले खजूर के बीजों को भी पुलिस ने जांच के लिए सुरक्षित किया है। सीआईडी अधिकारियों के अनुसार, परिवार के सदस्यों के शव घर के अलग-अलग हिस्सों से बरामद हुए। रिपोर्टों के मुताबिक, गणपति का शव छत से मिला, जबकि उनकी पत्नी और बेटी के शव सीढ़ियों के पास पाए गए। बेटे का शव कमरे में बिस्तर के नीचे मिला। घर का सामान बिखरा हुआ था, जिससे शुरुआती तौर पर लूट की आशंका पैदा हुई। रंगपुर मेट्रोपॉलिटन पुलिस के अधिकारियों ने कहा कि पोस्टमॉर्टम और फोरेंसिक जांच से मौत के सही कारण और घटनाक्रम की पुष्टि में मदद मिलेगी। शुरुआती जांच में गला दबाने की बात सामने आई है।गणपति चक्रवर्ती रंगपुर जिला स्कूल के सेवानिवृत्त शिक्षक थे। रिपोर्टों के अनुसार उन्होंने दिसंबर 2025 में नौकरी से रिटायरमेंट लिया था। रिटायरमेंट के बाद वह होम्योपैथी से जुड़े काम में लगे थे। परिवार पिछले कुछ वर्षों से रंगपुर के दासपाड़ा/माचुआपाड़ा इलाके में रह रहा था और वहां अपना घर बनवाया था। पड़ोसियों और रिश्तेदारों ने गणपति को शांत स्वभाव और मिलनसार व्यक्ति बताया है। परिवार के बच्चों की पढ़ाई भी अच्छी चल रही थी। बेटी आगमी ने उच्च शिक्षा पूरी की थी, जबकि बेटा प्रियम रंगपुर जिला स्कूल में पढ़ता था।

# तंत्र-मंत्र से इलाज के चक्कर में फंसी गर्भवती महिला, तीन भाईयों और उनके चाचा पर रेप का इल्जाम, धर्म परिवर्तन का दबाव..

( यंग भारत न्यूज )



गुजरात के बनासकांठा जिले से एक महिला ने चार लोगों के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए हैं. 30 साल की गर्भवती महिला का आरोप है कि तीन भाइयों और उनके चाचा ने उसके साथ बार-बार रेप किया और मारपीट की. महिला ने यह भी आरोप लगाया कि आरोपियों ने उसकी जानकारी के बिना उसका एक प्राइवेट वीडियो रिकॉर्ड कर लिया और बाद में उसी वीडियो के जरिए उसे ब्लैकमेल करते रहे. महिला के मुताबिक, आरोपियों ने उस पर धर्म बदलने के लिए भी दबाव बनाया.

यह मामला पीड़ित महिला की ओर से 20 अगस्त को शिकायत दर्ज कराने के बाद सामने आया. पुलिस ने आरोपी अख्तर रजबशाह फकीर, उसके भाइयों आरिफ और इलियास के साथ-साथ उनके चाचा सलीमशाह जुमाशाह फकीर के खिलाफ केस दर्ज किया है. आरोपियों पर भारतीय न्याय संहिता की रेप, आपराधिक धमकी और मारपीट से जुड़ी धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है. इसके अलावा गुजरात फ्रीडम ऑफ रिलिजन एक्ट के तहत भी मामला दर्ज किया गया है. महिला करीब पांच महीने की गर्भवती थी और पिछले महीने उसके साथ कथित तौर पर कई बार यौन और शारीरिक हमला किया गया. महिला का आरोप है कि अख्तर उसके अलग रह रहे पति का परिचित था. उसने महिला से संपर्क कर कहा कि उसके दादा स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों के लिए 'तांत्रिक' तरीके से इलाज कर सकते हैं. इसके बाद अख्तर महिला के करीब आने लगा और दोनों के बीच संपर्क बढ़ गया. महिला ने पुलिस को बताया कि इससे पहले भी उसने अख्तर और उसके रिश्तेदारों के खिलाफ यौन उत्पीड़न का मामला दर्ज कराया था. अप्रैल में पलनपुर ईस्ट पुलिस स्टेशन में दर्ज इस मामले में अख्तर समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया था. महिला के मुताबिक, उस समय फरार चल रहे आरिफ और इलियास ने उसे जान से मारने और उसकी बेटियों को अगवा करने की धमकी दी थी.महिला का आरोप है कि जान से मारने और बेटियों के अपहरण की कथित धमकियों के चलते उस पर दबाव बनाया गया. इसी दबाव में उसने गुजरात हाईकोर्ट में एक हलफनामा दाखिल कर समझौते के लिए सहमति जताई. इसके बाद 16 जून को अख्तर और इस मामले में गिरफ्तार अन्य आरोपियों को जेल से रिहा कर दिया गया. रिहाई के बाद महिला अख्तर के साथ धानेरा तालुका के पेंगिया गांव चली गई. एफआईआर के अनुसार, महिला को उम्मीद थी कि दोनों के बीच चल रहा विवाद खत्म हो जाएगा और वे शांतिपूर्वक साथ रह सकेंगे. हालांकि, महिला का आरोप है कि वहां पहुंचने के बाद भी उसकी स्थिति नहीं बदली. उसने दावा किया कि गर्भवती होने के बावजूद अख्तर ने उसके साथ कथित तौर पर यौन उत्पीड़न और मारपीट जारी रखी.महिला के अनुसार, अख्तर उस पर दूसरे पुरुषों से फोन पर बात करने के लिए भी दबाव डालता था. जब उसने ऐसा करने से इनकार किया तो कथित तौर पर उसे धमकाया गया. महिला का आरोप है कि उसकी जानकारी के बिना रिकॉर्ड किए गए प्राइवेट वीडियो को सार्वजनिक करने की धमकी दी गई. आरोपियों ने कथित तौर पर कहा कि वीडियो को सोशल मीडिया पर प्रसारित कर दिया जाएगा.महिला ने आरोप लगाया कि इसी प्राइवेट वीडियो के जरिए उसे लगातार ब्लैकमेल किया गया. इसके साथ ही उसने तीनों भाइयों और उनके चाचा पर बार-बार रेप करने का आरोप लगाया है. पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपों को एफआईआर में दर्ज किया है और अब पूरे मामले की जांच की जा रही है. महिला ने चारों आरोपियों पर धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाने का भी आरोप लगाया है. एफआईआर के मुताबिक, आरोपियों ने कथित तौर पर एक स्थानीय मौलवी को बुलाया और महिला का 'निकाह' कराने की कोशिश की. महिला का दावा है कि इस दौरान उसे नशीला पदार्थ मिला हुआ

# आईफोन नहीं, 20 साल पुराना कड़वा सच बना वजह! मां के आखिरी वीडियो से बेनकाब हुई खौफनाक कहानी

( यंग भारत न्यूज )




छत्रपति संभाजीनगर के खावड्या पहाड़ पर 18 वर्षीय कुणाल के साथ उसके माता-पिता (मुरलीधर और संगीता) की मौत ने पूरे इलाके को सन्न कर दिया था। शुरुआती जांच में इसे केवल एक महंगे आईफोन की मांग को लेकर हुआ पारिवारिक झगड़ा माना जा रहा था।

लेकिन अब पुलिस जांच में एक ऐसा नया मोड़ सामने आया है, जिसने साबित कर दिया है कि आईफोन की जिद तो महज एक तात्कालिक चिंगारी थी, जबकि बारूद 20 साल पुरानी पारिवारिक कड़वाहट से सुलग रहा था।घटना से ठीक एक रात पहले संगीता चांदगुडे द्वारा अपने यूट्यूब चैनल पर शेयर किया गया वीडियो अब इस पूरे मामले की सबसे अहम कड़ी बन गया है। संगीता ने रिश्तों के खोखलेपन पर बेहद मार्मिक बात कही थी।उन्होंने कहा था, 'जैसे पोली (रोटी) दोनों तरफ से सेंकी जाए तभी स्वादिष्ट लगती है, वैसे ही रिश्ते भी दोनों तरफ से निभाए जाने चाहिए। यदि सामने वाला आपकी भावनाओं की कद्र न करे, तो ऐसे एकतरफा रिश्ते से बाहर निकल जाना ही बेहतर है।' जांच में सामने आया है कि मुरलीधर ने 20 साल पहले संगीता से परिवार की मर्जी के बिना शादी की थी। इसी वजह से मुरलीधर के पिता दामोदरराव और उनके परिवार ने उनसे दूरी बना ली थी। संगीता के वीडियो में साफ आरोप है कि अपनों ने ही उनका संसार उजाड़ा, बाप-बेटे को एक-दूसरे के खिलाफ भड़काया और संपत्ति विवाद के जरिए उन्हें मानसिक प्रताड़ना दी यह रंजिश कितनी गहरी थी, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि तीन मौतों के बाद भी परिवार एक न हो सका। मां संगीता और बेटे कुणाल का अंतिम संस्कार छत्रपति संभाजीनगर में किया गया, जबकि पिता मुरलीधर का अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव धनगर पिंपलगांव में हुआ। पुलिस अब आईफोन के दावे को दरकिनार कर इस 20 साल पुरानी पारिवारिक रंजिश और संपत्ति विवाद के एंगल से मामले की गहराई से जांच कर रही है।

# दरोगा बनने वाले सिपाहियों को भरने होंगे आठ-आठ लाख रुपये, दो साल की सैलरी भी देनी होगी

( यंग भारत न्यूज )



यूपी में पिछले महीने जारी हुए दरोगा भर्ती के परिणाम ने अब सिपाहियों को अब परेशानी में डाल दिया है। दरोगा बनने से पहले इन सिपाहियों को सरकारी खजाने में आठ-आठ लाख रुपये जमा करने होंगे।

इसके अलावा इन्हीं दो साल की सैलरी भी देनी होगी। बागपत में तैनात 21 सिपाहियों ने भी यह परीक्षा पास की है। उनका दो साल का प्रोबेशन पीरियड (परिवीक्षा अवधि) पूरा नहीं हुआ है। इस स्थिति में सिपाही की नौकरी छोड़ने पर उन्हें ट्रेनिंग में हुआ प्रतिदिन का खर्च और दो साल का वेतन जमा करना होगा। जो करीब आठ लाख बैठ रहा है। इतनी रकम एकाएक कहां से लाकर जमा करें। इस सूचना ने सिपाहियों की नींद उड़ा दी है। जुलाई में दरोगा भर्ती 2025 का परिणाम जारी हुआ है। जिन सिपाहियों का चयन दरोगा के लिए हुआ है, अब उनके चेहरे लटके हुए हैं। जब ये चयनित अभ्यर्थी सिपाही पद पर भर्ती हुए थे, तो एक बॉन्ड भरवाया गया था। जिसमें परिवीक्षा अवधि में नौकरी नहीं छोड़ने की बात लिखी थी। एक सिपाही की ट्रेनिंग पर प्रतिदिन 863 रुपये खर्च होते हैं। सभी ने 10 माह की ट्रेनिंग की है। दरोगा बनने से पहले उन्हें सिपाही की 10 माह की ट्रेनिंग में हुआ खर्चा जमा करना होगा। इतना ही नहीं दो साल का वेतन भी जमा करना है। इस तरह एक सिपाही को करीब आठ लाख रुपये जमा करने हैं। प्रदेश में सैकड़ों की संख्या में सिपाही हैं जिनका चयन दरोगा भर्ती के लिए हुआ है। वे समझ नहीं पा रहे हैं कि क्या करें। कोई तो रास्ता होगा। वे विभाग छोड़कर नहीं जा रहे हैं। इसी विभाग में बड़े पद पर भर्ती हो रहे हैं। उन्हें दरोगा बनने का अवसर मिला है। सिपाहियों को 10 माह की ट्रेनिंग दी गई थी। प्रतिदिन एक सिपाही पर 863 रुपये खर्च किए गए थे। 10 माह में एक सिपाही पर करीब 2.58 लाख रुपये खर्च किए गए थे। सभी से ट्रेनिंग के समय ही बॉन्ड भरवाया जाता है। दूसरी नौकरी मिलने पर कई लोग चले जाते हैं। दो साल की परिवीक्षा अवधि होती है। सिपाही से दरोगा बनने में यही बॉन्ड जेब पर भारी पड़ रहा है। दरोगा में चयनित हुए सिपाही ट्रेनिंग खर्च जमा करने को तैयार हैं, वे चाहते हैं कि उनसे दो साल का वेतन जमा नहीं कराया जाए। वेतन तो हर महीने खर्च कर दिया। ट्रेनिंग खर्च परिवारीजनों से लेकर जमा कर सकते हैं।

# विधवा महिलाओं को योगी सरकार देगी हर महीने 1000 पेंशन, जानें जरूरी दस्तावेज और आवेदन की पूरी प्रक्रिया

( यंग भारत न्यूज )




प्रदेश सरकार पति की मृत्यु के बाद आर्थिक संकट से जूझ रही निराश्रित महिलाओं को आर्थिक सहायता देने के लिए पति की मृत्यु उपरांत निराश्रित महिला पेंशन योजना चला रही है.आम तौर पर इसे विधवा पेंशन योजना के नाम से जाना जाता है. योजना के तहत पात्र महिलाओं को हर महीने 1000 रुपये की आर्थिक मदद दी जाती है. यह राशि सीधे लाभार्थी के बैंक खाते में भेजी जाती है, जिससे उन्हें पेंशन प्राप्त करने के लिए कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते.

इस योजना का उद्देश्य पति की मृत्यु के बाद महिलाओं को नियमित आर्थिक सहायता उपलब्ध कराना है, ताकि रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करने में उन्हें परेशानी न हो. पेंशन की राशि लाभार्थी के बैंक खाते में सीधे भेजी जाती है. कई बार भुगतान तीन महीने की अवधि के बाद एक साथ किया जाता है. ऐसे में पात्र महिला के खाते में 3000 रुपये की किस्त पहुंच सकती है. सालभर में योजना के तहत कुल 12000 रुपये की आर्थिक सहायता मिलने का प्रावधान बताया गया है. महिला कल्याण विभाग की जिला परिवीक्षा अधिकारी मोनिका राणा के अनुसार, पति की मृत्यु हो चुकी होने पर पात्र महिलाएं इस पेंशन योजना के लिए आवेदन कर सकती हैं. योजना का लाभ लेने के लिए आवेदिका की उम्र 18 वर्ष से अधिक होना जरूरी है. इसके अलावा उसके पास आधार कार्ड, बैंक पासबुक, पति का मृत्यु प्रमाण पत्र और आय प्रमाण पत्र होना चाहिए. आय प्रमाण पत्र में वार्षिक आय 2 लाख रुपये से कम होना आवश्यक बताया गया है. योजना के लिए पात्र महिला जरूरी दस्तावेज लेकर किसी भी जन सुविधा केंद्र पर आवेदन कर सकती है. आवेदन की प्रक्रिया क्षेत्र के अनुसार आगे बढ़ती है. ग्रामीण क्षेत्र की महिला का आवेदन संबंधित बीडीओ के पोर्टल पर भेजा जाता है, जबकि तहसील क्षेत्र की महिला का फॉर्म एसडीएम के पोर्टल पर जाता है. वहां अधिकारियों की ओर से दस्तावेज और पात्रता का सत्यापन किया जाता है. सत्यापन पूरा होने के बाद आवेदन महिला कल्याण विभाग तक पहुंचता है, जहां से इसे आगे भेजा जाता है. सत्यापन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद पात्र महिला का आवेदन आगे की कार्रवाई के लिए लखनऊ भेजा जाता है. इसके बाद स्वीकृति मिलने पर पेंशन की राशि सीधे उसके बैंक खाते में भेजी जाती है. विभाग के अनुसार, योजना के तहत पात्र लाभार्थी को हर महीने 1000 रुपये के हिसाब से साल में 12000 रुपये की सहायता मिलती है. भुगतान त्रैमासिक किस्तों में भी किया जा सकता है. इसलिए आवेदन करने वाली महिलाओं को सभी दस्तावेज सही और अपडेट रखने की सलाह दी जाती है.

# मेरे परिवार को कोई दिक्कत नहीं तो आप कौन? कपड़ों से क्यूआर कोड तक. महिला दरोगा ने आरोपों पर दी सफाई?

( यंग भारत न्यूज )



प्रदेश के मेरठ में तैनात महिला दरोगा अनु कॉलिस के कथित आपत्तिजनक वीडियो वायरल होने के मामले में नया मोड़ सामने आया है. निलंबन के करीब सात दिन बाद अनु कॉलिस ने सोशल मीडिया पर लाइव आकर पूरे मामले में अपनी सफाई दी है. करीब 7 मिनट 31 सेकेंड के लाइव वीडियो में उन्होंने वायरल वीडियो को लेकर सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर अमित किल्होर पर गंभीर आरोप लगाए. महिला दरोगा ने कहा कि घटना के बाद से वह मानसिक रूप से बेहद परेशान हैं और कई दिनों से कमरे से बाहर नहीं निकली हैं. उन्होंने यह भी कहा कि उनके मन में जान देने तक के विचार आ रहे हैं. अनु कॉलिस ने उसी ड्रेस में लाइव आकर सफाई दी, जिसे लेकर सोशल मीडिया पर विवाद खड़ा हुआ था. उन्होंने कहा कि यह फ्रॉक उन्होंने अपनी मां के साथ मॉल से खरीदी थी और उनके परिवार में इस तरह के कपड़े पहनने को लेकर कोई आपत्ति नहीं है. महिला दरोगा ने सवाल उठाया कि जब उनके अपने परिवार को उनके पहनावे से कोई परेशानी नहीं है तो दूसरे लोग इस पर सवाल क्यों उठा रहे हैं. उन्होंने आरोप लगाया कि सोशल मीडिया पर व्यूज और लोकप्रियता हासिल करने के लिए उनकी करीब 25 साल की जिंदगी, मेहनत और पुलिस करियर को प्रभावित किया गया. अनु कॉलिस ने सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर अमित किल्होर पर आरोप लगाया कि उन्होंने उनकी अनुमति के बिना वीडियो इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया. उन्होंने दावा किया कि वीडियो पोस्ट करते समय पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से लेकर मुख्यमंत्री और डीजीपी तक को टैग किया गया. अनु ने इसे साइबर क्राइम बताते हुए कहा कि वायरल वीडियो के बाद उनकी नौकरी, करियर और भविष्य पर संकट खड़ा हो गया.महिला दरोगा ने कहा कि उनके खिलाफ अश्लील कंटेंट बनाने और सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक गतिविधियों में शामिल होने जैसे आरोप लगाए गए, लेकिन कार्रवाई से पहले उनका पक्ष नहीं सुना गया. उनका यह भी दावा है कि अमित किल्होर ने बाद में वीडियो सोशल मीडिया से हटा दिया और उनके भाई से माफी मांगी. लाइव वीडियो में महिला दरोगा ने अपना परिचय देते हुए कहा कि उनका नाम अनु कॉलिस है, अनु रानी नहीं. उन्होंने खुद को रोमन कैथोलिक बताते हुए कहा कि वह मूल रूप से प्रयागराज की रहने वाली हैं. मेरठ में वह रोहटा और ब्रह्मपुरी थाने में तैनात रह चुकी हैं और फिलहाल एसएसपी कार्यालय से संबद्ध थीं. अनु कॉलिस वर्ष 2003 बैच की दरोगा हैं. मेरठ के चर्चित नीला ड्रम हत्याकांड में आरोपी मुस्कान रस्तोगी की गिरफ्तारी के बाद भी वह चर्चा में आई थीं.

# बिजली विभाग के 'राजा बाबू': हाथी पर चढ़कर पहुंचे ऑफिस, नोटों की गड्डियों वाला काटा केक , असिस्टेंट इंजीनियर का मना शाही बर्थडे

( यंग भारत न्यूज )




मध्य प्रदेश के उज्जैन स्थित बिजली विभाग के एक कार्यालय में असिस्टेंट इंजीनियर का राजसी बर्थडे मना है। दफ्तर बर्थडे तो आए दिन मनते रहते हैं लेकिन यह बर्थडे राजा-महाराजाओं की तरह मना है। असिस्टेंट इंजीनियर रविकांत मालवीय बर्थडे के दिन ऑफिस में हाथी पर सवार होकर एंट्री मारी थी। इसके बाद जो उनका स्वागत हुआ है। उसे लोग देखते रह गए।

असिस्टेंट इंजीनियर रविकांत मालवीय ने अपने जन्मदिन पर उज्जैन स्थित ऑफिस को पार्टी हाउस बना दिया। स्टाफ काम छोड़कर अपने साहब के स्वागत की तैयारियों में जुटे थे। असिस्टेंट इंजीनियर रविकांत मालवीय की एंट्री हाथ पर चढ़कर ऑफिस में होती है। वह राजा-महाराजाओं की तरह विशाल हाथी पर बैठकर ऑफिस आते हैं। बिजली विभाग के ऑफिस पहुंचते ही असिस्टेंट इंजीनियर रविकांत मालवीय का स्वागत ढोल नगाड़े से होता है। कैंपस में उनके साथी और स्टाफ गुलाब की पंखुडियों को उड़ाते हैं। उनके ऊपर फूल उड़ाते हैं। इसके बाद वह हाथी से नीचे उतारते हैं। तब तक ऑफिस के स्टाफ ढोल की थाप पर डांस करते हैं।इसके बाद हाथी ने एक वजनी माला अपनी सूंड से असिस्टेंट इंजीनियर के गले में डाला है। फिर सूंड उठाकर आशीर्वाद दिया है। इस दौरान बिजली विभाग के राजा बाबू की हंसी देखते बन रही थी। उनकी खुशी का ठिकाना नहीं था। बर्थडे कोई छोटे-मोटे व्यक्ति की नहीं थी। बिजली विभाग के असिस्टेंट इंजीनियर का जन्मदिन था। उनकी सैलरी से 60 से 80 हजार रुपए के बीच में होगी। लेकीन शाही ठाठ ऐसी थी कि राजा-महाराजा भी शर्मा जाए। शाही एंट्री के बाद केक कटिंग की बारी आई तो साहब के सामने नोटों की गड़ियों वाला केक रखा गया। इसके बाद उसे काटा गया है। हालांकि सफाई में कहा गया है कि नोट नकली थे। मामला इसलिए और ज्यादा गंभीर हो गया है क्योंकि इसके ठीक एक दिन पहले ही सहायक यंत्री रविकांत मालवीय को लेकर भ्रष्टाचार से जुड़े गंभीर आरोपों की खबर प्रकाशित हुई थी। इसके अगले ही दिन रविवार को कथित तौर पर शासकीय कार्यालय में इस तरह का भव्य आयोजन सामने आने से विभागीय कार्यप्रणाली और अधिकारी के प्रभाव को लेकर सवाल उठने लगे हैं। बड़े अधिकारियों ने पूरे प्रकरण पर चुप्पी साध रखी है।

# इंस्टाग्राम वाली 'जीएफ' निकली जल्लाद: से% से किया इनकार, तो तोड़ दी मूक-बधिर युवक की रीढ़ की हड्डी'

( यंग भारत न्यूज )

केरल के कोच्चि शहर से मानवता को शर्मसार करने वाला एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहाँ एक दिव्यांग युवक को अपनी हवस और रंजिश का मोहरा बनाकर मौत के घाट उतारने की कोशिश की गई। कड़वंत्रा के एक होटल में साजिश के तहत बुलाए गए एक मूक-बधिर युवक को न केवल बंधक बनाया गया, बल्कि उसके साथ ऐसी बर्बरता की गई कि उसकी पसलियां तक टूट गईं। पुलिस ने इस मामले में एक महिला समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जिन्होंने आपसी रंजिश को अंजाम देने के लिए इस खौफनाक वारदात को अंजाम दिया।

घटना की शुरुआत तब हुई जब ऑनलाइन फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म पर काम करने वाले 30 वर्षीय अमल देव को सफाना नाम की महिला ने बातों के जाल में फंसाकर रविवार शाम होटल के एक कमरे में बुलाया। पीड़ित अमल देव, जो बोलने और सुनने में असमर्थ है, उसे अंदाजा भी नहीं था कि वह एक सोची-समझी साजिश का शिकार होने जा रहा है। पुलिस के अनुसार, जैसे ही अमल होटल पहुँचा, वहां पहले से मौजूद पांच लोगों के गिरोह ने उसे घेर लिया। आरोप है कि आरोपियों ने उसे निर्वस्त्र होने पर मजबूर किया और उसके आपत्तिजनक वीडियो रिकॉर्ड किए। जब पीड़ित ने महिला के साथ शारीरिक संबंध बनाने से इनकार कर दिया, तो आरोपियों का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुँच गया और उन्होंने उसकी बेरहमी से पिटाई शुरू कर दी। इस हिंसक हमले में अमल देव को गंभीर चोटें आई हैं। डॉक्टरों के अनुसार, उसकी पसलियों में फ्रैक्चर है और शरीर के अन्य हिस्सों पर भी गहरे घाव हैं। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए कोच्चि पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की और मराडू निवासी सफाना, आनंद मुरुगन, जॉन राहुल और अमल वेणुगोपाल को धर दबोचा। जांच में यह भी स्पष्ट हुआ कि यह कोई 'हनी ट्रैप' का मामला नहीं था, बल्कि




इसके पीछे निजी दुश्मनी और ईर्ष्या की कहानी छिपी थी। दरअसल, अमल देव की जान-पहचान सफाना की एक सहेली से थी, जिसके जरिए वह सफाना के संपर्क में आया। जब सफाना के बॉयफ्रेंड को इन दोनों की सोशल मीडिया बातचीत का पता चला, तो उसने बदले की भावना से ओतप्रोत होकर अपने साथियों के साथ मिलकर इस हिंसक कृत्य की योजना बनाई। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है, जिनमें गलत तरीके से बंधक बनाना, आपराधिक धमकी और गैर-इरादतन हत्या का प्रयास शामिल है। इसके अतिरिक्त, दिव्यांगों के अधिकारों के संरक्षण के लिए 'राइट्स ऑफ पर्सन्स विद डिसेबिलिटीज एक्ट' की प्रासंगिक धाराएं भी लगाई गई हैं। पुलिस अधिकारियों ने पुष्टि की है कि पकड़े गए आरोपी पहले भी कई आपराधिक मामलों में संलिप्त रहे हैं। एक दिव्यांग व्यक्ति के साथ हुई इस अमानवीय घटना ने शहर में सुरक्षा और संवेदनशीलता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं, जिससे यह स्पष्ट होता है कि अपराधी अब किसी भी हद तक गिरने को तैयार हैं।

# जिला बेसिक शिक्षा कार्यालय के पटलों का जिलाधिकारी ने किया औचक निरीक्षण

## सेवा पुस्तिका, जीपीएफ सहित महत्वपूर्ण अभिलेखों का लिया जायजा

### -शिक्षकों की पेंशन, जीपीएफ व चयन वेतनमान से जुड़े प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश



( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने आज जिला बेसिक शिक्षा कार्यालय का औचक निरीक्षण कर कार्यालयीय व्यवस्थाओं, अभिलेखों के रखरखाव एवं विभिन्न पटलों पर किए जा रहे कार्यों की गहनता से जांच की। उन्होंने निर्देश दिए कि कार्यालय में आने वाले शिक्षकों एवं कर्मचारियों से संबंधित कार्यों का निस्तारण पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से किया जाए और किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब न हो।

जिलाधिकारी ने विभिन्न पटलों पर पहुंचकर सेवा पुस्तिकाओं, जीपीएफ सहित अन्य महत्वपूर्ण अभिलेखों का अवलोकन किया। उन्होंने अभिलेखों के रखरखाव एवं अद्यतन स्थिति की जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि सभी अभिलेख सुरक्षित, व्यवस्थित एवं आसानी से उपलब्ध होने की स्थिति में रखे जाएं। लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए उन्होंने संबंधित पटल सहायकों को आवश्यक कार्यवाही निर्धारित समय में पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने विशेष रूप से निर्देशित किया कि परिषदीय शिक्षकों को मिलने वाली पेंशन, जीपीएफ, चयन वेतनमान सहित अन्य सभी अनुमन्य सुविधाएं समय से उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने कहा कि शिक्षकों एवं कर्मचारियों से संबंधित किसी भी प्रकार का प्रकरण अनावश्यक रूप से लंबित नहीं रहना चाहिए। प्रत्येक पटल पर प्राप्त प्रकरणों की नियमित समीक्षा करते हुए नियमानुसार समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि शिक्षकों को अपने कार्यों के लिए कार्यालय के अनावश्यक चक्कर न लगाने पड़ें। औचक निरीक्षण के दौरान कार्यालय परिसर एवं विभिन्न कक्षों में साफ-सफाई की स्थिति भी देखी गई। शौचालय अत्यंत गंदा पाए जाने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की और तत्काल सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकारी कार्यालय में स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित वातावरण होना आवश्यक है। कार्यालय के प्रत्येक कक्ष, शौचालय एवं परिसर में नियमित रूप से साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए तथा स्वच्छता व्यवस्था में किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए।निरीक्षण के दौरान कुछ कर्मचारी शर्ट-जींस में ड्यूटी करते हुए पाए गए। इस पर जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि कार्यालय परिसर में सभी कर्मचारी निर्धारित कार्यालयी यूनिफॉर्म में ही ड्यूटी पर उपस्थित हों। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्धारित ड्रेस कोड के अनुपालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित कर्मचारी के साथ-साथ उत्तरदायी अधिकारियों की जिम्मेदारी भी निर्धारित करते हुए नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।जिलाधिकारी ने कहा कि बेसिक शिक्षा विभाग से जुड़े कार्यालयीय कार्य सीधे तौर पर शिक्षकों, विद्यार्थियों और विद्यालयों की व्यवस्थाओं से जुड़े हैं। इसलिए कार्यालय में आने वाले प्रत्येक शिक्षक एवं कर्मचारी की समस्या और प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए नियमानुसार त्वरित कार्रवाई की जाए। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपने दायित्वों का पूरी जिम्मेदारी, संवेदनशीलता एवं समयबद्धता के साथ निर्वहन करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राजीव राज, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विकास चौधरी सहित जिला बेसिक शिक्षा विभाग के संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता को लेकर समन्वय बैठक, अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में 12 सितंबर 2026 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव श्रीमती मनाली चन्द्रा की अध्यक्षता में समन्वय बैठक आयोजित की गई। जनपद न्यायाधीश विरजेन्द्र कुमार सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित बैठक में जिले के समस्त उपजिला मजिस्ट्रेट, पुलिस क्षेत्राधिकारी एवं तहसीलदारों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

सचिव श्रीमती मनाली चन्द्रा ने उपजिला मजिस्ट्रेटों को निर्देशित किया कि उनके न्यायालयों में लंबित दाण्डिक प्रकीर्ण वादों को चिन्हित कर उनकी सूची शीघ्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को उपलब्ध कराई जाए। साथ ही संबंधित विभागों से जुड़े मामलों में तत्परता से पैरवी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। पुलिस क्षेत्राधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी थाना प्रभारियों को विभिन्न न्यायालयों से जारी सम्मन एवं नोटिसों का शत-प्रतिशत तामीला सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए जाएं। उन्होंने कहा कि सम्मन व नोटिसों के तामीले में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और पुलिस अधिकारी मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के निरंतर संपर्क में रहें। राष्ट्रीय लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए डायल-112 वाहनों के माध्यम से भी प्रचार कराने के निर्देश दिए गए। बैठक में तहसीलदारों को निर्देशित किया गया कि आगामी 12 सितंबर को जिला दीवानी न्यायालय उरई एवं बाह्य स्थित न्यायालयों में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में चिन्हित राजस्व वादों का अधिकतम निस्तारण कराया जाए। इसके लिए तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष, सचिव एवं वरिष्ठ अधिवक्ताओं के साथ समन्वय स्थापित कर वादकारियों को आपसी सुलह-समझौते के लिए प्रेरित करने पर जोर दिया गया। उन्होंने स्थानीय स्तर पर मीडिया के माध्यम से लोक अदालत का व्यापक प्रचार-प्रसार कराने तथा ग्राम स्तर पर लेखपालों का सहयोग लेकर अधिक से अधिक वादों के निस्तारण की दिशा में कार्य करने के निर्देश भी दिए। बैठक में उपजिलाधिकारी उरई उत्तम कुमार तिवारी, क्षेत्राधिकारी उरई राजीव कुमार शर्मा, क्षेत्राधिकारी जालौन अजय कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी माधौगढ़ अम्बुज सिंह यादव, तहसील विधिक सेवा समिति के सचिव/तहसीलदार उरई मनोज कुमार, तहसीलदार जालौन अभिनव तिवारी, नायब तहसीलदार माधौगढ़ भुवनेश कुमार एवं नायब तहसीलदार कोंच वैभव कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# फरियाद लेकर पहुंचे 15 लोग, अनिल कुदारी ने अधिकारियों तक पहुंचाई समस्याओं की आवाज

( यंग भारत न्यूज )



**उरई।** समस्याओं के समाधान की उम्मीद लेकर सोमवार को अपना दल (एस) के जिला कार्यालय पहुंचे फरियादियों की जिला अध्यक्ष अनिल कुदारी ने सुनवाई की। साप्ताहिक जनसुनवाई में जिले के अलग-अलग क्षेत्रों से आए लोगों ने व्यक्तिगत और स्थानीय समस्याओं से उन्हें अवगत कराया।जनसुनवाई के दौरान कुल 15 शिकायतें सामने आईं। अनिल कुदारी ने फरियादियों की बात सुनने के बाद संबंधित विभागों के अधिकारियों को पत्र भेजकर प्रकरणों में आवश्यक कार्रवाई कराने की पहल की। उन्होंने कहा कि शिकायतों को संबंधित विभाग तक पहुंचाने के साथ उनके निस्तारण की भी पैरवी की जाएगी।पनियारा के विनोद कुशवाहा, शशि देवी, अमित लोधी, कालपी के रंजीत, अहेता के सतनाम दोहरे, कुदरा के अमर सिंह, मुकेश बरार, सैदनगर के रविंद्र गड़िया और शिवम घोसिया सहित अन्य लोगों ने अपनी समस्याएं रखीं।अनिल कुदारी ने कहा कि पार्टी कार्यालय पर होने वाली जनसुनवाई आमजन की समस्याओं को सुनने और उन्हें उचित मंच तक पहुंचाने का माध्यम है। गरीब, वंचित और पीड़ित वर्ग की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ संबंधित अधिकारियों के सामने रखा जाएगा, ताकि उन्हें समय से राहत मिल सके।

# ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया मासिक निरीक्षण

### - सुरक्षा व्यवस्था एवं सीसीटीवी निगरानी प्रणाली का लिया जायजा, लॉग-बुक में दर्ज की टिप्पणी



( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा जारी निर्देशों के क्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने सोमवार को जनपद मुख्यालय स्थित ईवीएम एवं वीवीपैट वेयरहाउस प्रथम एवं द्वितीय का प्रस्तावित मासिक स्थलीय निरीक्षण किया।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने वेयरहाउस में ईवीएम एवं वीवीपैट के रख-रखाव, सुरक्षा व्यवस्था तथा संबंधित अभिलेखों का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने ईवीएम लॉग-बुक का भी निरीक्षण करते हुए उसमें आवश्यक टिप्पणी अंकित की। निरीक्षण के दौरान निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता एवं ईवीएम-वीवीपैट की सुरक्षा से संबंधित निर्धारित व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के उपरांत जिला निर्वाचन अधिकारी ने सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी कक्ष में स्थापित सीसीटीवी मॉनिटरिंग सिस्टम का अवलोकन किया। उन्होंने वेयरहाउस की निगरानी व्यवस्था को भी देखा तथा निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप सुरक्षा एवं निगरानी व्यवस्था को निरंतर प्रभावी बनाए रखने पर जोर दिया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजीव राज, उपजिलाधिकारी उरई एवं इंचार्ज ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस उत्तम कुमार तिवारी तथा ईवीएम सहायक तलहा मजहर सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# राष्ट्रगान के अपमान का आरोप लगाते हुए कांग्रेस ने सतिश महाना व साथियों पर कार्रवाई की मांग की

### कोतवाली पहुंच कर पुलिस को दी तहरीर

( यंग भारत न्यूज )




**उरई ( जालौन )।** उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना पर राष्ट्रगान के कथित अपमान का आरोप लगाते हुए जिला कांग्रेस कमेटी जालौन ने कोतवाली उरई में तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष डॉ. अरविंद सिंह सेंगर और शहर कांग्रेस कमेटी उरई के अध्यक्ष राजकुमार वर्मा की ओर से प्रभारी निरीक्षक कोतवाली उरई को दिए गए शिकायती पत्र में कहा गया है कि 22 अगस्त 2026 को उन्नाव में आयोजित 46वें उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद के प्रांतीय सम्मेलन में राष्ट्रगान के दौरान विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना कथित रूप से राष्ट्रगान पूरा होने से पहले ही मंच से उतर गए। पत्र में आरोप लगाया गया कि उनके इस व्यवहार के कारण वहां मौजूद अन्य साथी भी मंच से अन्य स्थानों की ओर चले गए। कांग्रेस नेताओं के मुताबिक इस घटना का वीडियो 23 अगस्त को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसके बाद देश-विदेश में लोगों ने इसे देखा और राष्ट्रगान के अपमान को लेकर आक्रोश व्यक्त किया। शिकायती पत्र में सतीश महाना एवं उनके साथियों पर देशद्रोह का गंभीर अपराध किए जाने का आरोप लगाते हुए उनके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर कानूनीश्र कार्रवाई करने की मांग की गई है। कांग्रेस नेताओं ने पुलिस से मामले की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई किए जाने की अपील की है।इस मौके पर प्रमुख रूप से कमल दोहरे, नसीब पठान, जितेन्द्र मिश्रा, शब्बीर हसन अंसारी, प्रमोद राजपूत, सिद्धार्थ दिवौलिया, अयूब अंसारी, आदित्य मिश्रा, चौ. श्याम सुन्दर, अशोक द्विवेदी सहित अन्य कांग्रेसजन मौजूद रहें।

# अनुमति निरस्त होने से भड़के मुकेश सहनी, समर्थकों संग कलेक्ट्रेट में दिया धरना

### भाजपा सरकार व प्रशासन को जमकर कोसा

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** विकासशील इंसान पार्टी के कार्यकर्ता सम्मेलन की बैठक की जिला प्रशासन द्वारा अनुमति देने के बाद उसे निरस्त किए जाने से पार्टी कार्यकर्ताओं में आक्रोश फैल गया। इसी के विरोध में विकासशील इंसान पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकेश सहनी सोमवार को दर्जनों समर्थकों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां उन्होंने गोविंद बल्लभ पार्क में स्थापित गोविंद बल्लभ पंत की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और समर्थकों के साथ धरने पर बैठ गए। इस दौरान मुकेश सहनी ने कहा कि लोकतंत्र की आवाज को दबाना किसी की बपौती नहीं है। सरकारें आती-जाती रहती हैं, लेकिन लोकतंत्र और जनता की आवाज को दबाया नहीं जा सकता। उन्होंने प्रदेश की भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधते हुए जिला प्रशासन को भी आड़े हाथों लिया। सहनी ने कहा कि प्रशासन द्वारा पहले कार्यक्रम की अनुमति देना और बाद में उसे निरस्त कर देना उचित नहीं है। उन्होंने चेतावनी दी कि समय आने पर इस कार्रवाई का जवाब दिया जाएगा और जिला प्रशासन से इसका बदला लिया जाएगा। संगठन के वरिष्ठ नेता सोबरन पाल सहित दर्जनों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पंचायत सहायकों की मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को अल्टीमेटम, 7 सितंबर से लखनऊ में धरने की चेतावनी

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** पंचायत सहायक कर्मचारी यूनियन उत्तर प्रदेश ने पंचायत सहायकों के मानदेय में बढ़ोतरी, स्थायीकरण समेत पांच सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अल्टीमेटम ज्ञापन भेजा है। यूनियन ने मांगों पर एक सप्ताह के भीतर सकारात्मक निर्णय नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

ज्ञापन में कहा गया है कि पंचायत सहायक कर्मचारियों की मांगों को लेकर पूर्व में भी शासन को पत्र दिया गया था। तीन जून 2026 को पंचायत सहायक प्रतिनिधिमंडल की शासन स्तर पर वार्ता हुई थी, लेकिन अब तक मांगों के संबंध में कोई सकारात्मक आदेश जारी नहीं हुआ। इससे प्रदेश के पंचायत सहायकों में निराशा और असंतोष व्याप्त है। यूनियन ने पांच प्रमुख मांगें रखी हैं। इनमें पंचायत सहायकों के पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल की मुख्यमंत्री से मुलाकात कराए जाने, पंचायत सहायकों का मानदेय बढ़ाकर ग्राम पंचायत सचिव के समकक्ष 30 हजार रुपये प्रतिमाह किए जाने अथवा उत्तर प्रदेश में न्यूनतम वेतन के बराबर मानदेय दिए जाने की मांग शामिल है। इसके अलावा पंचायत सहायकों की अनुबंध/संविदा प्रक्रिया समाप्त कर स्थायी सेवा नियमावली बनाते हुए राज्य कर्मचारी का दर्जा देने, महिला पंचायत सहायकों को मातृत्व अवकाश की सुविधा प्रदान करने तथा आगामी ग्राम विकास अधिकारी/ग्राम पंचायत अधिकारी की भर्ती में पंचायत सहायकों को 50 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण दिए जाने की मांग की गई है। ज्ञापन के माध्यम से शासन से इन मांगों पर एक सप्ताह के भीतर सकारात्मक निर्णय लेने की अपील की गई है। यूनियन ने चेतावनी दी कि यदि मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई तो प्रदेशभर के पंचायत सहायक कर्मचारी 7 सितंबर 2026 से ईको गार्डन, लखनऊ में अनिश्चितकालीन विशाल धरना-प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे। इसकी पूरी जिम्मेदारी शासन एवं प्रशासन की होगी।

# सावन तीज महोत्सव में महिलाओं ने बिखेरी संस्कृति की छटा

### उद्योग व्यापार मंडल की महिला विंग ने धूमधाम से मनाई हरियाली तीज

( यंग भारत न्यूज )



**उरई,जालौन।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की महिला विंग की ओर से रविवार को सिटी सेंटर में सावन तीज महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। रंग-बिरंगे परिधानों में सजी महिलाओं ने तीज के पारंपरिक गीतों, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और मनोरंजक खेलों में उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया।

मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य रमा निरंजन के पहुंचने पर महिलाओं ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ उनका स्वागत किया। उन्होंने कहा कि तीज जैसे पर्व भारतीय संस्कृति और परंपराओं को जीवंत रखने के साथ महिलाओं को आपसी मेलजोल और खुशियां साझा करने का अवसर देते हैं। कार्यक्रम में नगर की कल्पना सक्सेना और अंजू शर्मा ने द्वार पर खड़े होकर अतिथियों व महिलाओं का तिलक और पुष्प से स्वागत किया। जिला अध्यक्ष श्रद्धा सेंगर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष निधि माहेश्वरी और नगर अध्यक्ष स्वर्णलता सेठ के नेतृत्व में कार्यक्रम की तैयारियां की गईं। कार्यक्रम का संचालन एंकर निखिल गुप्ता ने किया। उन्होंने महिलाओं के लिए विभिन्न मनोरंजक खेल कराए, जिसमें प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। हरियाली तीज क्वीन प्रतियोगिता में सोनिया पटेल प्रथम,आयुषी गुप्ता द्वितीय और रेनू गुप्ता तृतीय रहीं। विजेताओं को उपहार देकर सम्मानित किया गया। महिलाओं ने सावन के गीतों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आनंद लिया। कार्यक्रम में उद्योग व्यापार मंडल की जिला एवं नगर इकाई से जुड़ी बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं।सभी ने एक-दूसरे को हरियाली तीज की शुभकामनाएं दीं।आयोजकों ने कहा कि तीज नारी शक्ति,संस्कार और भारतीय परंपराओं का पर्व है। ऐसे आयोजनों से महिलाओं को अपनी संस्कृति से जुड़ने और मिलकर त्योहार मनाने का अवसर मिलता है।

# रक्षाबंधन पर्व को लेकर थाना गोहन में पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न

## सौहार्दपूर्ण माहौल में त्योहार मनाने की अपील, सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गोहन पुलिस सतर्क

(यंग भारत न्यूज)

**माधौगढ़ (जालौन)।** आगामी रक्षाबंधन पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं आपसी भाईचारे के साथ संपन्न कराने को लेकर थाना गोहन परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, संभ्रांत नागरिकों एवं पुलिस-प्रशासन से जुड़े अधिकारियों ने सहभागिता करते हुए त्योहार के दौरान शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने को लेकर चर्चा की।



बैठक नायब तहसीलदार सादुल्लाह खान एवं क्षेत्राधिकारी अंबुज कुमार यादव के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार कुशवाहा के नेतृत्व में आयोजित हुई। अधिकारियों ने क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था, बाजारों में भीड़, यातायात व्यवस्था तथा संवेदनशील स्थानों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। नायब तहसीलदार सादुल्लाह खान ने कहा कि रक्षाबंधन भाई-बहन के प्रेम, विश्वास और स्नेह का पर्व है। सभी लोग त्योहार को मिल-जुलकर और शांतिपूर्ण वातावरण में मनाएं। उन्होंने लोगों से किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न देने तथा सोशल मीडिया पर भ्रामक अथवा आपत्तिजनक सामग्री प्रसारित करने से बचने की अपील की। क्षेत्राधिकारी अंबुज कुमार यादव ने कहा कि त्योहार के दौरान पुलिस एवं प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहेगा। क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस की निगरानी एवं गश्त प्रभावी ढंग से की जाएगी। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी प्रकार की समस्या, विवाद या संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार कुशवाहा ने कहा कि रक्षाबंधन पर्व के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की प्राथमिकता है। बाजारों एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के साथ ही अराजक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। अधिकारियों ने क्षेत्रवासियों से अपील की कि त्योहार के दौरान एक-दूसरे की भावनाओं का सम्मान करें और किसी भी प्रकार के विवाद से बचें। पुलिस ने स्पष्ट किया कि शांति व्यवस्था बिगाड़ने, अफवाह फैलाने अथवा माहौल खराब करने का प्रयास करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। बैठक में मौजूद संभ्रांत नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों ने पुलिस-प्रशासन को पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया।

# पर्वों को लेकर पीस कमेटी की बैठक आयोजित

### -जुलूस मोहम्मदी के आयोजकों से की चर्चा

(यंग भारत न्यूज)

**कालपी (जालौन)।** आगामी ईद-उल-मिलादुन्नबी, बारह वफात, रक्षाबंधन एवं जन्माष्टमी पर्वों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से कोतवाली परिसर के सभागार में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम विनय कुमार मौर्य ने की। इस दौरान पुलिस उपाधीक्षक राजेश कमल सहित पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में जुलूस मोहम्मदी के आयोजकों, धर्मगुरुओं तथा नगर के गणमान्य नागरिकों ने भी हिस्सा लिया।



सोमवार को आयोजित मीटिंग में एसडीएम विनय कुमार मौर्य ने कहा कि सभी पर्वों को आपसी भाईचारे, सौहार्द एवं शांतिपूर्ण वातावरण में मनाया जाए। उन्होंने आयोजकों से प्रशासन द्वारा निर्धारित नियमों का पालन करने तथा जुलूस के दौरान अनुशासन बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और तत्काल पुलिस एवं प्रशासन को सूचना दें। पुलिस उपाधीक्षक राजेश कमल ने कहा कि त्योहारों को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक पोस्ट न की जाए। जुलूस के दौरान पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। उन्होंने आयोजकों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि जुलूस में शामिल सभी लोग आपसी सौहार्द बनाए रखें। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अजय ब्रह्म तिवारी ने जुलूस के निर्धारित मार्ग एवं नियमों का पालन करने की अपील की। उन्होंने झंडों की ऊंचाई निर्धारित मानकों के अनुरूप रखने पर भी जोर दिया। वरिष्ठ उपनिरीक्षक उदय प्रताप सिंह ने बताया कि जुलूस के मार्गों का निरीक्षण कराया जा चुका है। जुलूस के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहेंगे तथा संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल तैनात किया जाएगा।

जुलूस के हाजी मुजीब अल्लामा ने बताया कि पांच सितंबर को चिरागा जुलूस भोर में करीब तीन बजे से पांच बजे के बीच निकाला जाएगा। जबकि दोपहर 2 वंजे से जुलूस ए मुहम्मदी निकाला जायेगा। मीटिंग में आगामी रक्षाबंधन तथा जन्माष्टमी पर्व के इंतजाम को लेकर चर्चा की गयी। बैठक में नायब तहसीलदार चंद्र मोहन शुक्ला, विद्युत विभाग के अवर अभियंता सत्य प्रकाश गौतम, नगर पालिका के राजस्व निरीक्षक अजीत सिंह, मुजीब अल्लामा, अरबाज बरकाती, शिवबालक सिंह यादव, राकेश पुरवार, जावेद खान, हाफिज दावर रजा, अशोक बाजपेई, नीलाभ शुक्ला, दीपक शर्मा, हर्ष विश्नोई, डिस्ट्रिक्ट प्रेस क्लब कालपी तहसील अध्यक्ष सलीम अंसारी, नगर अध्यक्ष राजू शुक्ला, महामंत्री अमित यादव, अमीर हसन, कैफ रजा, मनोज पांडेय सहित पुलिस-प्रशासनिक अधिकारी एवं गणमान्य नागरिकों ने सहभागिता की।

# जंतर-मंतर से उठी युवा आवाज़: बच्चों के भविष्य से समझौता बर्दाश्त नहीं' एड. अनुराग गुप्ता

(यंग भारत न्यूज)

**माधौगढ़( जालौन )** त्रष्ट के विवादित प्रावधानों के विरोध में दिल्ली के ऐतिहासिक जंतर-मंतर पर युवाओं का ज़ोरदार प्रदर्शन जारी है। इस आंदोलन में जालौन (माधौगढ़) के युवा नेता एडवोकेट अनुराग गुप्ता ने अपने समर्थकों के साथ पहुँचकर युवाओं की आवाज़ को बुलंद किया। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए एडवोकेट अनुराग गुप्ता ने स्पष्ट किया कि यह लड़ाई किसी जाति या वर्ग के ख़िलाफ़ नहीं है, बल्कि देश के बच्चों के सुनहरे भविष्य, समान अवसर और शैक्षणिक पारदर्शिता के लिए है। अनुराग गुप्ता ने कहा, 'हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और गृह मंत्री अमित शाह जी से गुजारिश करते हैं कि जिन नीतियों को लेकर देश के युवाओं में गहरा असंतोष है, उन पर तुरंत पुनर्विचार किया जाए। लोकतंत्र में जनता और युवाओं की भावना का सम्मान करना ही सरकार का प्रथम कर्तव्य है।' उन्होंने चेतावनी दी कि यदि माँगों पर जल्द सकारात्मक रुख नहीं अपनाया गया, तो इस आंदोलन को देशव्यापी स्तर पर पूरी तरह शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीक़े से आगे बढ़ाया जाएगा।



# व्यापारियों की समस्याओं का प्राथमिकता से करें समाधान-जिलाधिकारी

### -सब्जी मंडी स्थानांतरण, सड़क चौड़ीकरण व गड्ढों की मरम्मत के दिए निर्देश, निवेश मित्र के लंबित प्रकरण शीघ्र निस्तारित करने को कहा



(यंग भारत न्यूज)

**उरई।** जनपद में व्यापार एवं उद्योग को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में जिला व्यापार बंधु, जिला उद्योग बंधु एवं श्रम विभाग की संयुक्त बैठक की। उन्होंने व्यापारियों एवं उद्यमियों द्वारा उठाई गई समस्याओं की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। राठ रोड पर धान मिल से हाईवे तक सड़क चौड़ीकरण के संबंध में बताया गया कि आगणन शासन को भेजा जा चुका है। जिलाधिकारी ने स्वीकृति मिलते ही कार्य प्रारंभ कराने को कहा। जिला उद्योग बंधु की बैठक में निवेश मित्र पोर्टल के समयसीमा के बाद लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए गए। कालपी औद्योगिक क्षेत्र के वैकल्पिक मार्ग के संबंध में भी आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। श्रम विभाग की बैठक में श्रमिकों का अधिक से अधिक पंजीकरण कराने तथा पात्र श्रमिकों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने पर जोर दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि व्यापार एवं उद्योग जनपद की आर्थिक प्रगति के प्रमुख आधार हैं। व्यापारियों एवं उद्यमियों की समस्याओं का त्वरित समाधान प्रशासन की प्राथमिकता है। अधिकारियों को आपसी समन्वय से सभी लंबित प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह, उपायुक्त सचिव जिला स्तरीय व्यापार बंधु अमित यादव, उपायुक्त उद्योग धर्मेंद्र भास्कर सहित संबंधित अधिकारी एवं व्यापार-उद्योग बंधु के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# श्रावण के चौथे सोमवार को शिवालयों तथा मंदिरों में उमड़ा आस्था का सैलाब

(यंग भारत न्यूज)

**कालपी-जालौन।** श्रावण मास के चौथे सोमवार को धर्मनगरी कालपी में भोर होते ही शिवालयों तथा मंदिरों श्री ढोड़ेश्वर, पातालेश्वर, तिग्लेश्वर, बानेश्वर, गोपेश्वर, फालेश्वर एवं मृत्युंजय शिव मंदिरों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी।



सोमवार को सुबह से ही भक्तगण हाथों में पूजा की थाली,बेलपत्र, धतूरा, पुष्प, फल, दूध, दही, शहद तथा अन्य पूजन सामग्री लेकर भगवान भोलेनाथ का अभिषेक करने के लिये मंदिरों तथा शिवालयों में पहुंचे। महिलाओं एवं युवतियों के साथ बड़ी संख्या में बालक, बुजुर्ग और पुरुष भी भगवान शिव की आराधना में लीन दिखाई दिए। शिवालयों में शिवाष्टक, मधुराष्टक, रामरक्षा स्त्रोत एवं शिव तांडव स्त्रोत के पाठ के साथ वातावरण भक्तिमय बना रहा। मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में लगातार 'हर-हर महादेव', 'बम-बम भोले' के जयकारे गूंजते रहे। ब्रह्ममुहूर्त की शांत बेला में घंटों की ध्वनि और धार्मिक मंत्रोच्चार से पूरा नगर शिवमय दिखाई दिया। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान के साथ भगवान शिव का जलाभिषेक एवं दुग्धाभिषेक कर परिवार की सुख-समृद्धि, आरोग्य और मनोवांछित फल की कामना की। कई श्रद्धालु सूर्योदय से पहले ही मंदिर पहुंच गए और अपनी बारी की प्रतीक्षा करते हुए भजन-कीर्तन में लीन रहे। महिलाओं ने भगवान शिव को बेलपत्र, पुष्प और फल अर्पित कर पूजा-अर्चना की।

# बाइक सवार को बचाने के प्रयास में डीसीएम खाई में पलटा, चालक बाल-बाल बचा

(यंग भारत न्यूज)



**उरई।** रामपुरा-उमरी मार्ग पर सोमवार दोपहर टीहर नहर पुल के पास उस समय बड़ा हादसा होते-होते टल गया, जब सामने आए बाइक सवार को बचाने के प्रयास में भारी मशीनरी से लदा डीसीएम अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में पलट गया। हादसे में चालक बाल-बाल बच गया। गनीमत रही कि दुर्घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

जानकारी के अनुसार डीसीएम वाहन संख्या HR 38 AK 0664 दिल्ली से भारी मशीनरी लादकर चेन्नई जा रहा था। टीहर नहर पुल के पास मोड़ पर अचानक सामने एक बाइक सवार आ गया। उसे बचाने के लिए चालक ने डीसीएम को सड़क किनारे कर दिया। चालक के मुताबिक, डीसीएम का एक पहिया सड़क से करीब एक फुट नीचे उतर गया। सड़क किनारे की मिट्टी नई और कच्ची होने के कारण भारी वाहन का वजन वहन नहीं कर सकी और मिट्टी धंसने से वाहन का संतुलन बिगड़ गया। इसके बाद डीसीएम अनियंत्रित होकर खाई में पलट गया। हादसे के बाद मौके पर आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। दुर्घटना में चालक को किसी प्रकार की चोट नहीं आई, जबकि बाइक सवार भी सुरक्षित रहा। किसी अन्य व्यक्ति के घायल होने की भी सूचना नहीं है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। कस्बा इंचार्ज उपनिरीक्षक जगदीश द्विवेदी हमराह पुलिसकर्मियों और कोबरा टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने दुर्घटना की परिस्थितियों की जानकारी लेते हुए पलटे हुए डीसीएम और मौके की स्थिति का जायजा लिया। वाहन को बाहर निकालने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार सड़क किनारे की कच्ची मिट्टी और भारी वाहन के दबाव के चलते हादसा हुआ। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जानकारी जुटा रही है।

# इंटर कॉलेज में एनसीसी कैडेट्स की भर्ती प्रक्रिया में 65 छात्रों ने लिया हिस्सा

(यंग भारत न्यूज)

**कालपी (जालौन)।** एमएसबी इंटर कॉलेज कालपी में चाक चौबंद इंतजाम के बीच एनसीसी कैडेट्स के दो वर्षीय सैन्य प्रशिक्षण के लिए चयन एवं भर्ती प्रक्रिया आयोजित की गई। भर्ती प्रक्रिया 58 बटालियन उरई से आए सैन्य अधिकारियों की टीम ने कर्नल एस.के. सिंह के निर्देशन में संपन्न कराई।



सोमवार को विधालय परिसर में आयोजित भर्ती प्रक्रिया में 58 बटालियन उरई के सूबेदार राजेश कुमार, हवलदार चाम बहादुर खत्री एवं हरिवंश रावत ने अभ्यर्थियों का चयन किया। विद्यालय में कुल 68 छात्रों ने पंजीकरण कराया था, जिसमें 65 अभ्यर्थी भर्ती प्रक्रिया में शामिल हुए। इनमें 35 बालक और 30 बालिकाएं रहीं। चयन प्रक्रिया के दौरान सर्वप्रथम मेडिकल टीम द्वारा सभी अभ्यर्थियों का शारीरिक एवं स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इसके बाद लिखित परीक्षा आयोजित की गई। सैन्य अधिकारियों की टीम ने विभिन्न मानकों के आधार पर अभ्यर्थियों का परीक्षण कर चयन प्रक्रिया पूरी की। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुनील कुमार शाक्य ने भर्ती प्रक्रिया में शामिल सभी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। एनसीसी इंचार्ज कैप्टन राजमणि सिंह ने कहा कि एनसीसी प्रशिक्षण विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, देशभक्ति और जिम्मेदारी की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस अवसर पर राहुल कुमार, अमर सिंह, आनंद शर्मा, अशोक तिवारी, आशुतोष नगाइच, अनिरुद्ध कांत द्विवेदी, अरविंद द्विवेदी, अरविंद शुक्ला, वेदप्रकाश, सुरेंद्र सिंह, अमित मिश्रा, राज नारायण सिंह सहित विद्यालय के कर्मचारी मौजूद रहे।

# पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्यों का 27 अगस्त को जालौन दौरा

## उरई में होगी जनसुनवाई, पिछड़े वर्गों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति पर जिलाधिकारी से करेंगे चर्चा

(यंग भारत न्यूज)

**उरई।** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राजीव राज ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य स्थानीय ग्रामीण निकाय समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्यगण द्वारा 27 अगस्त 2026 को जनपद जालौन के उरई में भ्रमण एवं जनसुनवाई की जाएगी। आयोग के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति राम अवतार सिंह तथा सदस्य बृजेश कुमार, संतोष कुमार विश्वकर्मा, अरविंद कुमार चौरसिया, एसपी सिंह, जनपद का भ्रमण करेंगे। आयोग का दल 27 अगस्त को प्रात: 9:30 बजे औरैया से प्रस्थान कर पूर्वाह्न 11 बजे उरई पहुंचेगा। इसके बाद पूर्वाह्न 11 बजे से 11:30 बजे तक जिलाधिकारी से जनपद के अन्य पिछड़ा वर्ग की सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति के संबंध में चर्चा की जाएगी। तत्पश्चात 11:30 बजे से दोपहर 2:30 बजे तक आयोग की जनसुनवाई आयोजित होगी, जिसमें संबंधित लोग अपनी आपत्तियां एवं सुझाव आयोग के समक्ष प्रस्तुत कर सकेंगे। आयोग के भ्रमण को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

# चतुर्थ सोमवार पर महाकालेश्वर मंदिर में हुआ महाभिषेक

(यंग भारत न्यूज)

**कोटरा/उरई।** सावन माह के चतुर्थ सोमवार को कोटरा कस्बे के विभिन्न शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं द्वारा भगवान भोलेनाथ की विशेष पूजा-अर्चना एवं जलाभिषेक किया गया। सुबह से ही मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ी रही और हर-हर महादेव के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया।



कस्बे के नरसिंह जी मोहल्ला बाईपास स्थित महाकालेश्वर मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा भगवान भोलेनाथ का विधि-विधान से महाभिषेक किया गया। इस दौरान पंडित विनोद चतुर्वेदी ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान भूतभावन भोलेनाथ की पूजा-अर्चना कर जलाभिषेक कराया। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का दर्शन कर सुख-समृद्धि एवं परिवार की खुशहाली की कामना की। सावन के पावन माह में मंदिर में विशेष धार्मिक आयोजन से श्रद्धालुओं में उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर राजा स्वामी, अनिल नामदेव, संगम यादव, हर्ष जादौन, रामकिशोर चाचौंदिया जगमोहन राठौर बृजेंद्र यादव संदीप व्यास सहित बड़ी संख्या में भक्त एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# बस यात्रा के दौरान महिला के बैग से नकदी और जेवरात चोरी

(यंग भारत न्यूज)



**उरई।** जिले के माधौगढ़ तहसील क्षेत्र के कुरसेड़ा गांव की एक महिला के बैग से बस यात्रा के दौरान नकदी और जेवरात चोरी हो गए। महिला की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार कुरसेड़ा गांव निवासी लक्ष्मी सेंगर पत्नी राजीव सेंगर सावन के अवसर पर अपने पैतृक गांव गई थीं। उन्होंने बताया कि 23 अगस्त की सुबह करीब 8 बजे वह भिंड से बस में सवार होकर माधौगढ़ के लिए रवाना हुई थीं। दोपहर करीब एक बजे माधौगढ़ पहुंचने के बाद वह अपने घर गईं। घर पहुंचकर जब उन्होंने अपना बैग देखा तो उसमें रखी नकदी और जेवरात गायब मिले। चोरी का पता चलते ही उन्होंने माधौगढ़ बस स्टैंड पहुंचकर बस को रुकवाया और पुलिस को घटना की सूचना दी। पुलिस ने महिला की तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल में जुटी है और बस यात्रा के दौरान महिला के सामान से चोरी करने वाले आरोपियों का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

# रामलीला समिति का चुनाव सम्पन्न बोबी अध्यक्ष शैलेष मंत्री बने

## धर्मादा ने दोनो पदाधिकारियो का मनोनयन कर घोषणा की





( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** नगर की विश्व प्रसिद्ध ऐतिहासिक रामलीला का चुनाव सम्पन्न हुआ ।गल्ला मंडी स्थित शंकर जी मंदिर परिसर में व्यापारियों की प्रमुख संस्था धर्मदा रक्षिणी सभा की एक बैठक आयोजित की गयी । बैठक में आगामी रामलीला महोत्सव के संचालन, व्यवस्थाओं और तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान रामलीला संचालन के लिए अध्यक्ष और मंत्री पद का चुनाव भी कराया गया। चुनाव को लेकर कुछ समय तक गहमा-गहमी का माहौल रहा ।चूकि पूर्व में घोषित कार्यक्रम के तहत धर्मादा रक्षिणी सभा द्वारा रामलीला समिति के अध्यक्ष एवं मंत्री का मनोनयन किया गया ।जिसका उपस्थित सभी व्यापारियो ने ताली बजाकर स्वागत किया ।धर्मादा के मंत्री विनोद दुबे ने बतायाअध्यक्ष एवं मंत्री पद के लिए कुल तीन सामूहिक आवेदन प्राप्त हुए थे। चुनाव प्रक्रिया पूरी होने के बाद राजीव पटेल बॉबी को अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं धर्मादा रक्षिणी सभा के नामित सदस्य शैलेष सोनी को मंत्री पद की जिम्मेदारी सौपी गयी। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के चयन के साथ ही इस वर्ष होने वाले रामलीला महोत्सव की तैयारियों को गति मिलने की उम्मीद जताई गई ।धर्मदा रक्षिणी सभा के तत्वावधान में आयोजित होने वाला कोंच का प्रसिद्ध रामलीला महोत्सव इस वर्ष अपने 173 वें वर्ष में प्रवेश करेगा। यह आयोजन लंबे समय से नगर की धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक पहचान का महत्वपूर्ण हिस्सा रहा है। हर वर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु और दर्शक रामलीला का आनंद लेने पहुंचते हैं। इसी को देखते हुए बैठक में महोत्सव को भव्य और व्यवस्थित ढंग से आयोजित कराने को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया गया। व्यापारियों ने कहा कि रामलीला महोत्सव की परंपरा को आगे बढ़ाने के साथ आयोजन की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाना प्राथमिकता रहेगी।

मंचन, आयोजन स्थल की व्यवस्था, सुरक्षा, साफ-सफाई सहित अन्य तैयारियों को लेकर आगामी दिनों में कार्ययोजना तैयार किए जाने की बात कही गई ।बैठक की अध्यक्षता धर्मादा रक्षिणी सभा के विजय कुमार गुप्ता भोले ने की जव कि संचालन मंत्री विनोद दुबे लौना ने किया। बैठक में नरेश लोहिया,गुड्डन लोई बाले,राजकुमार अग्रवाल,राजकुमार छुन्ना धनौरा, अतुल चतुर्वेदी, अजय अग्रवाल,अरविंद मिश्रा, शिशिर ठाकुर, ऋषभ गिरवासिया,गल्ला व्यापार संघ के अध्यक्ष दिनेश अग्रवाल, मंत्री रोहन अग्रवाल,धर्मादा कोषाध्यक्ष मुकेश सोनी,अंशुल मिश्रा,राहुल तिवारी,पवन लोहिया,बंटे राठौर,लालजी कुशवाह, जीतू राठौर,राममोहन रिछारिया,जय प्रकाश मुखिया,राघवेंद्र तिवारी,सतीश राठौर समेत सैकड़ों गल्ला व्यापारी मौजूद रहे। चुनाव के बाद व्यापारियों ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजीव पटेल बॉबी और मंत्री शैलेष सोनी को शुभकामनाएं दीं और रामलीला महोत्सव के सफल आयोजन के लिए सहयोग का भरोसा दिलाया।

# रसोइयों के मानदेय बढ़ाने की घोषणा का हुआ लाइव प्रसारण

( यंग भारत न्यूज )



**माधौगढ़।** तहसील सभागार में रविवार को रसोइयों के मानदेय में बढ़ोतरी एवं उन्हें कैशलेस जैसी सुविधाओं का लाभ दिए जाने संबंधी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की घोषणा का लाइव प्रसारण किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों के साथ शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में रसोइयां मौजूद रहीं।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री की घोषणा का सीधा प्रसारण उपस्थित लोगों को दिखाया और सुनाया गया। मानदेय में बढ़ोतरी तथा सरकार की ओर से मिलने वाली अन्य सुविधाओं की जानकारी मिलने पर रसोइयों में खुशी और उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि महेश सिंह, माधौगढ़ ब्लॉक प्रमुख मोहित दोहरे, रामपुरा ब्लॉक प्रमुख अजीत सिंह सेंगर, एसडीएम मनोज प्रकाश तथा खंड शिक्षा अधिकारी शैलेन्द्र उत्तम सिंह रामपुरा ,ज्योतिष कुरौती, अमित गुप्ता, राहुल निरंजन, बौबी सिंह, भानुप्रताप सिंह, योगेश सिंह, लाला सिंह, मनीषा, अर्चना शिवहरे, सीमा गुप्ता सहित शिक्षा विभाग से जुड़े अधिकारी, शिक्षक-शिक्षिकाएं और रसोइयां उपस्थित रहीं। जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने कहा कि सरकार शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के साथ विद्यालयों में कार्यरत रसोइयों के हितों को भी प्राथमिकता दे रही है। मानदेय में बढ़ोतरी से रसोइयों को आर्थिक रूप से राहत मिलने की उम्मीद है। कार्यक्रम का उद्देश्य मुख्यमंत्री की घोषणाओं और शासन की योजनाओं की जानकारी स्थानीय स्तर पर रसोइयों एवं शिक्षा विभाग से जुड़े लोगों तक पहुंचाना रहा। लाइव प्रसारण के बाद उपस्थित रसोइयों ने सरकार के इस निर्णय पर प्रसन्नता व्यक्त की।

# सावन के अंतिम सोमवार पर सीएल मेमोरियल स्कूल में बच्चों को फल वितरित

( यंग भारत न्यूज )



**माधौगण, जालौन।** सावन माह के अंतिम सोमवार के अवसर पर नगर पंचायत रामपुरा के वार्ड नंबर 8 के सभासद अजय सिंह राजावत ने सीएल मेमोरियल स्कूल पहुंचकर विद्यालय के छात्र-छात्राओं को फल वितरित किए। फल पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। इस दौरान सभासद ने बच्चों से संवाद करते हुए उन्हें शिक्षा के महत्व के बारे में बताया और जीवन में आगे बढ़ने के लिए मेहनत, लगन एवं अनुशासन के साथ पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। फल वितरण कार्यक्रम के दौरान अजय सिंह राजावत ने बच्चों के साथ अपने छात्र जीवन की यादें भी साझा कीं। उन्होंने बताया कि एक समय में वह स्वयं भी इसी विद्यालय के छात्र रह चुके हैं। इसी वजह से इस विद्यालय और यहां पढ़ने वाले बच्चों से उनका विशेष लगाव है। उन्होंने कहा कि विद्यालय में बिताया छात्र जीवन और यहां से मिले संस्कार आज भी उनके लिए विशेष महत्व रखते हैं। उन्होंने छात्र-छात्राओं से कहा कि सभी विद्यार्थी मन लगाकर पढ़ाई करें, अपने माता-पिता एवं गुरुजनों का सम्मान करें तथा जीवन में अपना लक्ष्य निर्धारित कर उसे हासिल करने के लिए निरंतर प्रयास करते रहें। उन्होंने कहा कि आज के विद्यार्थी ही देश और समाज का भविष्य हैं। इसलिए शिक्षा के साथ-साथ बच्चों में अच्छे संस्कार, अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारियों की भावना विकसित होना भी जरूरी है। इस अवसर पर सभासद अजय सिंह राजावत ने कहा कि आगे चलकर उनका सपना है कि यदि ईश्वर ने उन्हें मौका दिया तो वह रामपुरा नगर में पढ़ने वाली सभी छात्राओं को एक-एक साइकिल वितरित करेंगे, ताकि छात्राओं को विद्यालय आने-जाने में सुविधा मिल सके और उनकी शिक्षा को बढ़ावा मिले। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सभासद अजय सिंह राजावत का आभार व्यक्त किया। बच्चों ने भी फल वितरण कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य पुष्पेंद्र प्रजापति, मनोज दुबे, अनुज द्विवेदी, नगर के सम्मानित सदस्य कमल सिंह राजावत (बुढेरा वाले), राजेश सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# सबाविमं,शिशुमंदिर,शिशु वाटिका में मातृ भारती गठन के साथ धूमधाम से मनाया गया हरियाली तीज महोत्सव

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कालेज, सरस्वती शिशु मंदिर एवं शिशु वाटिका मंडी परिसर में सोमवार को हरियाली तीज महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मातृ भारती परिषद का गठन भी किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं और अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए विभिन्न प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया ।कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी की नगर अध्यक्ष अंजू अग्रवाल उपस्थित रहीं, जबकि विद्यालय की सहप्रबंधिका मधु गुप्ता, सदस्य डॉ. नीता रेजा, कृष्णा झा, मांडवी निरंजन, रश्मि द्विवेदी, श्वेता जोशी एवं सीमा परिहार विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या अर्चना वर्मा द्वारा अतिथियों के परिचय एवं कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करने के साथ हुआ ।हरियाली तीज महोत्सव के अंतर्गत महिलाओं के लिए श्रृंगार प्रतियोगिता एवं कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। श्रृंगार प्रतियोगिता में श्वेता जोशी एवं रश्मि द्विवेदी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जबकि कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता में आरती ने प्रथम स्थान प्राप्त कर सभी का ध्यान आकर्षित किया। प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों के उत्साह और उमंग ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया ।कार्यक्रम के दौरान मातृ भारती परिषद का गठन भी किया गया। सरस्वती शिशु मंदिर में रागिनी सोनी को अध्यक्ष, आकांक्षा को उपाध्यक्ष, कल्पना वोहरे को मंत्री, रीना मिश्रा को सहमंत्री तथा रुपम को कोषाध्यक्ष चुना गया। वहीं सरस्वती बालिका विद्या मंदिर में आरती को अध्यक्ष, श्वेता परिहार को उपाध्यक्ष, गुड्डी देवी को मंत्री, मीनू को सहमंत्री तथा रागिनी को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई ।इस अवसर पर रीना मिश्रा, आरती, रुपम राव, केशवती, गुड्डी देवी, श्वेता परिहार, रागिनी, कल्पना, आकांक्षा, खुशबू, मीनू गौतम, पूजा सोनी, हिमानी राठौर सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति एवं विद्यालय की समस्त आचार्याएं उपस्थित रहीं ।कार्यक्रम से पूर्व सावन की अंतिम सोमवारी के उपलक्ष्य में विद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को भंडारे का प्रसाद वितरित किया गया। अंत में प्रधानाचार्या अर्चना वर्मा ने सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

# ग्राम रोजगार सेवकों ने धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा



( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** विकासखंड के ग्राम रोजगार सेवकों ने सोमवार को अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर खंड विकास अधिकारी कार्यालय परिसर में धरना प्रदर्शन कर मांगों से संबंधित ज्ञापन बीडीओ को सौंपा गया। रोजगार सेवकों ने बताया कि उन्हें क्रॉप सर्वे खरीफ का कार्य सौंपा गया है, लेकिन अधिकांश साथियों के पास सर्वे के लिए आवश्यक स्मार्टफोन उपलब्ध नहीं हैं ।पूर्व में स्मार्टफोन उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन अभी तक इसकी व्यवस्था नहीं की गई है। साथियों ने उच्च गुणवत्ता वाले स्मार्टफोन के साथ सिम उपलब्ध कराने की मांग की, ताकि क्रॉप सर्वे का कार्य समय से और सही ढंग से पूरा किया जा सके रोजगार सेवकों का कहना है कि पिछले दो वर्षों से क्रॉप सर्वे सहित अन्य कार्यों का भुगतान लंबित है। इसके अलावा करीब एक वर्ष से मानदेय भी नहीं मिलने के कारण उनके सामने आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है उन्होंने कहा कि मानदेय के अभाव में परिवार का भरण-पोषण और बच्चों की शिक्षा जैसी आवश्यकताओं को पूरा करना मुश्किल हो रहा है। प्रदर्शनकारियों ने एक वर्ष के बकाया मानदेय का शीघ्र भुगतान कराने तथा सभी ग्राम रोजगार सेवकों का जीवन बीमा कराने की मांग की। उन्होंने खंड विकास अधिकारी से उनकी समस्याओं का जल्द समाधान कराने की अपील की इस मौके पर अमित पटेल अटा,रामलाल पटेल कैथी,हम्मीर सिंह हिंगुटा,सुनील कुमार भरसूडा,सुरेशचंद्र,नरेनदार सिंह, चंद्रभान, जितेंद्र, प्रीति सिंह सहित सैकड़ों रोजगार सेवक मौजूद रहे।

# अंशुमान तिवारी बने राष्ट्रवादी ब्रह्म महासभा जालौन के नए जिलाध्यक्ष

( यंग भारत न्यूज )



**उरई/जालौन:** राष्ट्रवादी ब्रह्म महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय श्याम तिवारी जी की सहमति व संस्तुति पर संगठन का विस्तार करते हुए विप्र प्रेमी श्री अंशुमान तिवारी को राष्ट्रवादी ब्रह्म महासभा (जालौन) का नया जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया है।

श्री अंशुमान तिवारी के मनोनयन से संगठन व समाज के कार्यकर्ताओं में हर्ष की लहर है। इस अवसर पर राष्ट्रवादी ब्रह्म महासभा के राष्ट्रीय महासचिव योगेन्द्र द्विवेदी जी ने उन्हें नई जिम्मेदारी की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

मनोनयन विवरण: पद: जिलाध्यक्ष (जालौन) मनोनीत पदाधिकारी: श्री अंशुमान तिवारी अनुमोदनकता: माननीय श्याम तिवारी जी (राष्ट्रीय अध्यक्ष) योगेन्द्र द्विवेदी (राष्ट्रीय महासचिव) संगठन को मिलेगी नई मजबूती:नवनियुक्त जिलाध्यक्ष श्री अंशुमान तिवारी ने राष्ट्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन की नीतियों और विप्र समाज के हित में पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ कार्य करेंगे। उनके मनोनयन से जालौन जिले में संगठन को और अधिक सक्रियता तथा मजबूती मिलेगी।

# कुठौंद में कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान की मीटिंग संपन्न,

( यंग भारत न्यूज )



**कुठौंद जालौन,** विकासखंड कुठौंद के कस्बा के लक्ष्मी गार्डन में आज दिनांक 24 अगस्त दिन सोमवार को कांग्रेस पार्टी की संगठन स्त्रजन अभियान बैठक माननीय श्री किशोरी लाल मीणा संसद सदस्य लोकसभा, दौसा, राजस्थान के मुख्य आतिथ्य में एवं जिलाध्यक्ष माननीय अरविंद सिंह सेंगर की अध्यक्षता में प्रदेश पर्यवेक्षक श्री बृजराज अहिरवार,पूर्व विधायक प्रतिनिधि कालपी श्री सुरेंद्र सिंह सरसेला,जिला सचिव डॉक्टर निसार अहमद,अशोक द्विवेदी,नमो नारायण त्रिपाठी आदि की गरिमामई उपस्थित में मीटिंग संपन्न हुई कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मुख्य अतिथि श्री किशोरी लाल मीणा ने संबोधित करते हुए संगठन सृजन के महत्व पर प्रकाश डाला एवं जिला अध्यक्ष के चयन की प्रक्रिया क्यों जरूरी है के बारे में विस्तृत चर्चा की एवं बाद में संगठन से जुड़े हुए एक-एक लोगों से एवं प्रतिनिधियों से बात की. सभा का संचालन ब्लॉक अध्यक्ष श्री भगवत शरण शांडिल्य ने किया एवं उपस्थित सैकड़ो लोगों का कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आभार व्यक्त किया

# सावन के अंतिम सोमवार को शिव मंदिरो में उमडी भक्तो की भारी भीड

## हर हर महादेव से गूंजे शिवालय

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** सावन माह के अंतिम एवं चौथे सोमवार को शिवालयों में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। सोमवार सुबह से ही नगर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के मंदिरों में भगवान भोलेनाथ के जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ पहुंचने लगी। शिवभक्तों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर भगवान शिव का जल, दूध, बेलपत्र, धतूरा और पुष्प अर्पित किए। मंदिरों में गूंज रहे हर-हर महादेव और ओम नमः शिवाय के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा ।नगर के बीचोंबीच चंदकुआं स्थित प्राचीन भूतेश्वर मंदिर में भोर से ही श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। मंदिर परिसर में महिलाओं और पुरुषों की लंबी कतारें देखने को मिलीं। श्रद्धालु बारी-बारी से भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करते नजर आए। भक्तों ने भगवान शिव की आराधना कर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की ।वहीं नगर के प्रसिद्ध मारकंडेश्वर महाराज मंदिर में भी सुबह से ही भक्तों की भीड़ रही। श्रद्धालु भगवान शिव की भक्ति में लीन दिखाई दिए। मंदिर परिसर में हर-हर महादेव के जयकारे गूंजते रहे। नईबस्ती स्थित सिद्धेश्वर मंदिर और नायक के मठ स्थित महाकालेश्वर मंदिर में भी बड़ी संख्या में शिवभक्त जलाभिषेक के लिए पहुंचे ।इसके अलावा गुप्तेश्वर, बक्सेश्वर, पीपलेश्वर और यादवेश्वर सहित नगर के अन्य शिवालयों में भी दिनभर पूजा-अर्चना का दौर चलता रहा। कई मंदिरों में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गईं। सावन के अंतिम सोमवार के अवसर पर जगह-जगह भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया ।सावन के अंतिम सोमवार पर मंदिरों में उमड़ी भीड़ ने नगर में धार्मिक उत्साह और भक्ति का माहौल बना दिया। सुबह से शुरू हुआ पूजा-अर्चना और जलाभिषेक का सिलसिला देर शाम तक चलता रहा।

# कार की टक्कर से बाइक सवार अध्यापक घायल

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** शिक्षण कार्य समाप्त करने के उपरांत अध्यापक वापस अपने घर जा रहा था तभी रास्ते में मारुति कार ने अध्यापक की मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी जिससे अध्यापक गंभीर रूप से घायल हो गया ।प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम अकोढ़ी दुबे निवासी राम खिलावन विकास खण्ड नदीगांव के ग्राम रवा स्थित जूनियर हाई स्कूल में अध्यापक पद पर सेवारत हैं और रोज की तरह दिनांक 24 अगस्त 2026 को राम खिलावन शिक्षण कार्य समाप्त होने के उपरांत वापिस अपने घर ग्राम अकोढ़ी मोटर साइकिल से जा रहे थे तभी रास्ते में मारुति कार चालक ने लापरवाही से कार चलाते हुए अध्यापक की मोटर साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी जिससे अध्यापक सड़क पर गिरकर घायल हो गया वहां से गुजर रहे राहगीरों ने तत्काल

# त्योहारी सीजन में खाद्य सुरक्षा टीम की छापेमारी, मिठाई और खाद्य तेल के नमूने लिए

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** रक्षाबंधन, जन्माष्टमी और ईद मिलादुन्नबी त्योहारों को देखते हुए प्रशासन और खाद्य सुरक्षा विभाग अलर्ट मोड पर है। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय के निर्देश पर सोमवार को उपजिलाधिकारी अभिनव कुमार यादव की अगुवाई में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने नगर में विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों पर छापेमारी कर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच की ।अभियान के दौरान खाद्य सुरक्षा विभाग के निरीक्षक झंकार सिंह ने टीम के साथ अलग-अलग मिठाई की दुकानों का निरीक्षण किया। टीम ने महाकालेश्वर मिष्ठान भंडार से छैना रसगुल्ले का नमूना लिया। इसके अलावा पंचानन चौराहे पर स्थित वीरेंद्र मिष्ठान भंडार का भी निरीक्षण किया गया, जहां से रिफाइंड और सोयाबीन आयल के नमूने लिए गए। सभी नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है ।जांच सुरक्षा अधिकारी ने बताया जांच रिपोर्ट आने के बाद खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता के संबंध में स्थिति स्पष्ट होगी।

छापेमारी के दौरान अधिकारियों ने दुकानदारों को खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता बनाए रखने, साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने और मिलावटी अथवा मानक के विपरीत खाद्य सामग्री की बिक्री नहीं करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने कहा कि त्योहारों के दौरान मिठाई, खाद्य तेल और अन्य खाद्य पदार्थों की मांग बढ़ जाती है। ऐसे में मिलावट की आशंका को देखते हुए खाद्य प्रतिष्ठानों की नियमित जांच की जा रही है ।एसडीएम अभिनव कुमार यादव ने बताया कि त्योहारों के मद्देनजर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता को लेकर प्रशासन गंभीर है ।अभियान आगे भी जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वाले दुकानदारों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन की इस कार्रवाई से खाद्य कारोबारियों में भी हड़कंप की स्थिति बनी रही।

# 21 क्वार्टर नाजायज शराब समेत युवक गिरफ्तार

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी-उरई।** पुलिस उपाधीक्षक राजेश कमल के निर्देश पर तहसील क्षेत्र के ग्राम चुर्खी में पुलिस ने कस्तूरबा तिराहा क्षेत्र से एक युवक को अवैध देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 21 क्वार्टर अवैध देशी शराब बरामद करने का दावा किया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना चुरखी के उपनिरीक्षक जवाहर सिंह, उपनिरीक्षक सुरेश चंद्र हमराही पुलिस बल के साथ क्षेत्र में शांति व्यवस्था एवं अपराध रोकथाम के लिए गश्त कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम रिनियां वैदेपुर जाने वाली सड़क पर मंगल सिंह के खेत के पास नीम के पेड़ के नीचे एक व्यक्ति थैले में अवैध शराब लेकर खड़ा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर आरोपी युवक मनोज तिवारी पुत्र उमेश चंद्र उर्फ हरजू तिवारी निवासी ग्राम चुर्खी के पास मौजूद प्लास्टिक के झोले से 21 क्वार्टर देशी शराब बरामद हुये। पुलिस द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ धारा 60 आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया गया है।



# सिनसिनाटी ओपन में 56 साल बाद दो अमेरिकी खिलाड़ियों की भिड़ंत

मेसन

जेसिका पेगुला ने मौजूदा चैंपियन इगा स्विएतेक को और कोको गॉफ ने साराे बेलेक को हराकर सिनसिनाटी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल फाइनल में जगह बनाई और 56 साल बाद इस टूर्नामेंट के महिला फाइनल में दो अमेरिकी खिलाड़ियों के बीच मुकाबला होगा।

पेगुला ने तीसरे सेट में एक ब्रेक से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए स्विएतेक को 7-5, 4-6, 6-4 से हराया। यह इस साल टूर पर उनकी 45वीं जीत है, जो सर्वाधिक है। यह पेगुला की टूर स्तर पर 300वीं जीत भी थी। उन्होंने स्विएतेक के लगातार 10 मैच से चले आ रहे जीत के क्रम को भी तोड़ दिया। सिनसिनाटी में पेगुला का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2024 में रहा था जब उन्हें फाइनल में एरिना सबालेंका के हाथों हार का सामना करना पड़ा था।

### टियाफो का फाइनल में प्रवेश, नाकाशिमा को दी मात

सेमीफाइनल में टियाफो ने ब्रैंडन नाकाशिमा को 7-5, 6-3 से हराया। पहले सेट में उन्हें लगातार चार ब्रेक पॉइंट मिले, जिसके बाद टियाफो ने सर्व करके 4-3 की बढ़त बना ली। फिर उन्होंने दोबारा ब्रेक करके स्कोर 6-5 कर दिया और सर्व करके सेट जीत लिया। इसके बाद टियाफो ने नाकाशिमा के खिलाफ दूसरे सेट में 3-2 की बढ़त बना ली और सर्व करके जीत पक्की करते हुए फाइनल में जगह बना ली।

### जेसिका और कोको में मुकाबला आज



- जेसिका ने स्विएतेक को और कोको ने सारा को हराया
- जेसिका की इस सीजन की 45वीं जीत
- 24 अगस्त को महिला एकल का फाइनल मुकाबला

### गॉफ ने बेलेक को दी शिकस्त

वर्ष 2023 की चैंपियन गॉफ ने बेलेक को 6-4, 6-1 से हराया। चेक गणराज्य की 20 वर्षीय खिलाड़ी बेलेक ने सेमीफाइनल तक के सफर में शीर्ष वरीय सबालेंका और मैडिसन कीज को हराकर उलटफेर किया था। सिनसिनाटी ओपन के फाइनल में पिछली बार दो अमेरिकी महिला खिलाड़ियों का मुकाबला 1970 में हुआ था जब रोजी कैसाल्स ने नैन्सी रिची को हराया था। जेसिका पेगुला और कोको गॉफ के बीच सिनसिनाटी ओपन के महिला एकल का फाइनल मुकाबला 24 अगस्त को भारतीय समयानुसार सुबह 4:30 बजे खेला जाएगा।

### आर्थर फिल्स ने कोबोली को हराकर फाइनल में बनाई जगह

आर्थर फिल्स ने 67 मिनट तक चले सेमीफाइनल मुकाबले में फ्लेवियो कोबोली को 6-3, 6-4 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। फिल्स की यह लगातार पांचवीं जीत थी। कोबोली ने 2-1 की बढ़त ले ली, लेकिन फिल्स ने आठवें गेम में तुरंत सर्व तोड़कर जवाब दिया क्योंकि इटैलियन खिलाड़ी को बेसलाइन से खेलने में दिक्कत हो रही थी। 22 साल के फ्रेंच खिलाड़ी ने दूसरे सेट के पहले गेम में सर्व तोड़ा और अपने दमदार फोरहैंड से मैच पर कंट्रोल कर लिया, और 22 विनर्स और छह एस के साथ सेट खत्म किया।

---

### खबर संक्षेप

#### गिकेल-डेलर्यू ने जीता मिश्रित युगल का खिताब



नई दिल्ली। फ्रांस की थॉम गिकेल और डेलफिन डेलर्यू की जोड़ी ने विश्व नंबर एक फेंग यान झे और हुआंग डोंग पिंग जोड़ी को हराकर विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप के मिश्रित युगल का खिताब जीतते हुए इतिहास रच दिया। गिकेल और डेलर्यू की जोड़ी मिश्रित युगल में विश्व चैंपियनशिप का स्वर्ण पदक जीतने वाली फ्रांस की पहली जोड़ी बन गयी। विश्व की पांचवें नंबर की फ्रांस की जोड़ी ने रोमांचक फाइनल में चीन की जोड़ी को 22-20, 19-21, 21-15 से मात दी। एक घंटे 18 मिनट चले मुकाबले में जीत के साथ गिकेल और डेलर्यू ने अपने करियर का सबसे बड़ा खिताब हासिल किया। कांस्य पदक जीतने वाली फ्रांसीसी जोड़ी ने पूरे मुकाबले में शानदार रणनीतिक खेल का प्रदर्शन किया।

#### सेंट्रल दिल्ली किंग्स ने वेस्ट दिल्ली लायंस को हराया



नई दिल्ली। सेंट्रल दिल्ली किंग्स ने दिल्ली प्रीमियर लीग के बड़े स्कोर वाले मुकाबले में दबाव के क्षणों में धैर्य बनाए रखते हुए वेस्ट दिल्ली लायंस को 21 रन से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए सेंट्रल दिल्ली किंग्स ने शीर्ष और मध्यक्रम के शानदार प्रदर्शन की बदौलत 8 विकेट पर 232 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। इसके बाद उसके गेंदबाजों ने वेस्ट दिल्ली लायंस को 8 विकेट पर 211 रन पर रोक दिया। किंग्स के लिए सलामी बल्लेबाज सिद्धार्थ जून ने शानदार फॉर्म जारी रखते हुए 17 गेंद पर 33 रन बनाए। इसके बाद समर्थ सेठ ने 14 गेंद में 37 रन की तेजतर्रार पारी खेली। अंतिम ओवरों में मनी ग्रेवाल ने सिर्फ 16 गेंद पर 42 रन की तूफानी पारी खेलकर सेंट्रल दिल्ली किंग्स को विशाल स्कोर तक पहुंचाया।

#### जूनियर टेनिस कप ओम और दीपशिखा ने जीता खिताब



चेन्नई। पांचवीं वरीयता प्राप्त ओम पटेल और शीर्ष वरीयता प्राप्त दीपशिखा विनयागमूर्ति ने रविवार को यूनीफाई-आईटीएफ जूनियर टेनिस कप में क्रमशः लड़कों और लड़कियों के वर्ग के एकल खिताब जीते। दीपशिखा ने संयमित प्रदर्शन करते हुए सविता भुवनेश्वरन को सीधे सेटों में हराया जबकि पांचवीं वरीयता प्राप्त ओम पटेल ने करीब दो घंटे चले रोमांचक मुकाबले में ओम वर्मा को 1-6, 6-3, 6-1 से हराकर खिताब अपने नाम किया। लड़कियों के एकल फाइनल में शीर्ष वरीय दीपशिखा ने सविता को 6-4, 6-3 से हराया। उन्होंने पिछले सप्ताह जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप का खिताब जीतने के बाद लगातार दूसरे सप्ताह ट्रॉफी अपने नाम की।

---

## कोलंबो टेस्ट : पहले दिन भारत ने 5 विकेट पर बनाए 300 रन

# भारत का श्रीलंका पर मजबूत शिकंजा पडिक्कल ने जड़ा लगातार दूसरा शतक

कोलंबो

देवदत्त पडिक्कल के लगातार दूसरे शतक से भारत ने श्रीलंका के खिलाफ दूसरे क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन रविवार को पहली पारी में 5 विकेट पर 300 रन बनाए।

पहले टेस्ट में 167 रन की पारी खेलने वाले बाएं हाथ के बल्लेबाज पडिक्कल ने दो जीवनदान का फायदा उठाते हुए 193 गेंद में 12 चौकों से 117 रन की पारी खेलने के अलावा कप्तान शुभमन गिल (50) के साथ तीसरे विकेट के लिए 120 और रविंद्र जडेजा (43 रन, 83 गेंद, चार चौके) के साथ चौथे विकेट के लिए 74 रन की साझेदारी की। सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने भी 45 रन की उपयोगी पारी खेली। दिन का खेल खत्म होने पर ध्रुव जुरेल सात जबकि सारांश जैन चार रन बनाकर खेल रहे थे।

### फर्नांडो ने 46 रन देकर चटकाए 3 विकेट

श्रीलंका की ओर से असिता फर्नांडो सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 46 रन देकर तीन विकेट चटकाए। तेज गेंदबाज लाहिरु कुमारा और विश्वा फर्नांडो और मिलन रत्नायके ने... [illegible] एक-एक विकेट चटकाया।



### श्रीलंका की धरती पर एक टेस्ट सीरीज में 2 शतक लगाने वाले भारतीय बैटर्स

- 2 शतक – विनोद कांबली (1993)
- 2 शतक – मोहम्मद अजहरुद्दीन (1997)
- 2 शतक – सचिन तेंदुलकर (1997)
- 2 शतक – वीरेंद्र सहवाग (2010)
- 2 शतक- शिखर धवन (2017)
- 2 शतक – चेतेश्वर पुजारा (2017)
- 2 शतक – देवदत्त पडिक्कल (2026)

### पडिक्कल ने की सचिन-सहवाग की बराबरी

देवदत्त पडिक्कल ने श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में गॉल में शतक (167 रन) लगाने के बाद दूसरे टेस्ट मैच में भी कोलंबो में पहली पारी में शतक लगाने का कमाल किया। नंबर 3 पर बैटिंग करने आए देवदत्त पडिक्कल ने बेहद धैर्यभरी पारी खेली और पहले दिन बैटिंग के लिए मुफीद पिच पर कमाल की पारी खेलते हुए शतक लगाया दिया। श्रीलंका की धरती पर टेस्ट सीरीज में ये उनका दूसरा शतक रहा और उन्होंने सचिन तेंदुलकर और वीरेंद्र सहवाग समेत 6 भारतीय खिलाड़ियों के इस रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। श्रीलंका की धरती पर भी उनका ये दूसरा टेस्ट शतक रहा और इसके साथ ही उन्होंने विनोद कांबली, मोहम्मद अजहरुद्दीन, सचिन तेंदुलकर, वीरेंद्र सहवाग और शिखर धवन की बराबरी कर ली।

### चोट लगने के बाद पंत 'रिटायर्ड हर्ट'

विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टेस्ट के पहले दिन रविवार को बाएं हाथ पर चोट लगने के बाद 'रिटायर्ड हर्ट' होकर मैदान से बाहर चले गए। दिन के तीसरे सत्र में श्रीलंका के तेज गेंदबाज लाहिरु कुमारा ने पंत को शॉर्ट गेंद डाली और भारतीय खिलाड़ी ने गेंद को पुल करने की कोशिश की, लेकिन गेंद उनके बल्ले के बजाय सीधे उनके बाएं हाथ पर जा लगी। चोट लगने के बाद पंत दर्द से कराहते दिखाई दिए।

---

## एशियन गेम्स-2026: पुरुष कबड्डी टीम में हरियाणा के आठ खिलाड़ी शामिल



रोहतक

एशियन गेम्स-2026 के लिए भारत की पुरुष का चयन हो गया है। भारतीय टीम में 12 खिलाड़ियों का चयन हुआ है। इसमें 8 खिलाड़ी हरियाणा से शामिल हैं। पिछले एशियन गेम्स की तुलना में इस बार भारतीय टीमों में हरियाणा की हिस्सेदारी बढ़ी है।

पुरुष टीम में हरियाणा से सोनीपत के आशु मलिक, सुनील कुमार, जयदीप दहिया, रोहतक के देवांक दलाल, झज्जर के अयान लोहचब, पानीपत के अंकित जागलान, राहुल सेठपाल व चरखी दादरी के सुमित सांगवान शामिल हैं। 19 सितंबर से 4 अक्टूबर तक जापान के आइची-नागोया में एशियन गेम्स आयोजित किए जाएंगे। रोहतक के देवांक का भी भारतीय टीम में चयन हुआ है। सिंहपुरा खुर्द के रहने वाले देवांक दलाल इससे पहले प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के सीजन-11 में भी सबसे महंगे खिलाड़ी रहे थे, जहां बंगाल वारियर्स ने उन्हें करीब 2 करोड़ रुपये में खरीदा था। वह प्रो कबड्डी के इतिहास में सबसे तेज 500 रेड पॉइंट पूरे करने वाले खिलाड़ी भी हैं।

### महिला टीम में पांच म्हारी छोरियों का चयन हुआ

महिला कबड्डी टीम के लिए 12 खिलाड़ियों का चयन हुआ है। इनमें 5 खिलाड़ी हरियाणा के हैं। महिला टीम में चरखी दादरी की रितु श्योराण, भिवानी की मनीषा कुमारी, हिसार की सोनिया, निकिता कुमारी, सोनीपत की राजरानी चुनी गई हैं। टीम में शामिल हिमाचल की रितु नेगी की हरियाणा में शादी हुई है।

---

## वर्ल्ड एथलेटिक्स : हरियाणा के एथलीट छाए

# एक गोल्ड और दो सिल्वर मेडल जीते

रोहतक

भुवनेश्वर में आयोजित प्रतिष्ठित वर्ल्ड एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर सिल्वर 2026 में हरियाणा के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का नाम रोशन किया है। इस अंतरराष्ट्रीय मीट में दक्षिण अफ्रीका, केन्या, इराक, श्रीलंका और मलेशिया सहित 10 देशों के एथलीटों ने हिस्सा लिया। हरियाणा के 5 एथलीटों ने फाइनल में जगह बनाई और 1 गोल्ड व 2 सिल्वर मेडल अपने नाम करते हुए टॉप-5 में मजबूत पकड़ बनाई। एथलेटिक्स हरियाणा के महासचिव प्रदीप मलिक ने इसे राज्य के लिए गर्व का क्षण बताया।

उन्होंने कहा कि भुवनेश्वर की इस वर्ल्ड क्लास मीट में कृष्ण कुमार ने साबित कर दिया है कि वह आगामी एशियन गेम्स और ओलंपिक के लिए पूरी तरह तैयार हैं, वहीं पूजा और भारती ने पदक जीतकर हरियाणा की बेटियों का परचम लहराया है। खिलाड़ियों की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर प्रोवेस कमेटी एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के सदस्य राजकुमार मिटान, एथलेटिक्स हरियाणा के अध्यक्ष दिलबाग सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष हनुमान सिंह और फरीदाबाद के मीडिया प्रभारी सत्यवीर धनखड़ सहित तमाम खेल प्रेमियों और पदाधिकारियों ने विजेता खिलाड़ियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं।

**तमन्ना (जींद) और किरण पहल (सोनीपत) -शानदार टॉप-5 फिनिश**

महिलाओं की 100 मीटर दौड़ में तमन्ना ने 11.61 सेकेंड के साथ चौथा स्थान प्राप्त किया। वहीं, 400 मीटर दौड़ में किरण पहल ने 52.81 सेकेंड का समय निकालकर चौथा स्थान हासिल किया।

**पूजा (फतेहाबाद)**



महिलाओं की 1500 मीटर दौड़ में पूजा ने 4:17.24 सेकेंड का समय निकालकर पहला स्थान हासिल किया।

**कृष्ण कुमार (भिवानी):-**



पुरुषों की 800 मीटर दौड़ में स्टार मिडिल डिस्टेंस धावक कृष्ण कुमार ने 1:47.69 सेकेंड का शानदार समय निकालकर दूसरा स्थान प्राप्त किया। वह महज 0.24 सेकेंड के अंतर से स्वर्ण पदक से चूके (दक्षिण अफ्रीका के मोलिफी मोहलोमी 1:47.45 सेकेंड के साथ पहले स्थान पर रहे)।



**भारती (सोनीपत):-**

महिलाओं की 5000 मीटर दौड़ में भारती ने 15:46.45 सेकेंड के बेहतरीन समय के साथ दूसरा स्थान हासिल कर रजत पदक अपने नाम किया। इस स्पर्धा में केन्या की डायना वान्जा (15:16.11 सेकेंड) पहले स्थान पर रहीं।

---

## हरियाणा ने जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप जीती

पुणे। हरियाणा ने रविवार को यहां 16वीं हॉकी इंडिया जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप के फाइनल में झारखंड को 2-1 से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। मध्य प्रदेश ने तीसरे-चौथे स्थान के मुकाबले में छत्तीसगढ़ को 3-1 से हराकर तीसरा स्थान हासिल किया। फाइनल मुकाबले में दोनों टीम जोरदार संघर्ष करती रहीं, लेकिन झारखंड ने 19वें मिनट में मुक्ती सरोज के गोल की मदद से बढ़त बना ली। हरियाणा ने शानदार वापसी करते हुए 28वें मिनट में भाव्या के गोल से स्कोर बराबर कर दिया। इसके बाद 42वें मिनट में खुशी ने गोल कर हरियाणा को बढ़त दिला दी। मैच के अंतिम चरण में झारखंड ने बराबरी का गोल करने के लिए लगातार आक्रमण किए, लेकिन हरियाणा की रक्षापंक्ति ने मजबूती से मुकाबला करते हुए अपनी बढ़त बरकरार रखी और चैंपियनशिप का खिताब जीत लिया।

### बैडमिंटन: गिकेल-डेलर्यू की जोड़ी और एलेक्स लानियर फ्रांस के पहले विश्व चैंपियन बने

नई दिल्ली। थॉम गिकेल और डेलफिन डेलर्यू की मिश्रित युगल जोड़ी तथा पुरुष एकल खिलाड़ी एलेक्स लानियर ने रविवार को यहां विश्व चैंपियन बनकर फ्रांस के लिए इतिहास रच दिया। मिश्रित युगल और पुरुष एकल में यह फ्रांस के लिए पहला स्वर्ण पदक है। दक्षिण कोरिया की आन से यंग ने महिला एकल का अपना दूसरा खिताब जीत लिया। विश्व की पांचवें नंबर की फ्रांस की जोड़ी गिकेल और डेलर्यू ने विश्व चैंपियनशिप के मिश्रित युगल फाइनल में चीन की दुनिया की नंबर एक जोड़ी फेंग यान झे और हुआंग डोंग पिंग को 22-20, 19-21, 21-15 से हराकर खिताब अपने नाम किया। एक घंटे 18 मिनट चले मुकाबले में मिली यह जीत उनके करियर की सबसे बड़ी उपलब्धि रही। इसके कुछ ही देर बाद लानियर ने एकतरफा फाइनल में जापान के कोडाई नाराओका को 21-11, 21-11 से करारी शिकस्त दी। दक्षिण कोरिया की विश्व नंबर एक आन से यंग ने जापान की तीन बार की विश्व चैंपियन और विश्व नंबर दो अकाने यामागुची को 21-17, 21-14 से हराकर महिला एकल का अपना दूसरा विश्व खिताब जीत लिया।

---

## बीजिंग में रोबोट ओलंपिक की शुरुआत 100 मीटर दौड़ और ऊंची कूद के तोड़े रिकॉर्ड

बीजिंग

चीन के ह्यूमनॉइड (मनुष्यों के आकार के) रोबोट ने बीजिंग में शुरू हुए ओलंपिक जैसे विश्व ह्यूमनॉइड रोबोट खेलों के पहले दिन मानवों के रिकॉर्ड तोड़ दिए। इनमें जमैका के महान धावक उसैन बोल्ट का 100 मीटर दौड़ का विश्व रिकॉर्ड भी शामिल है।

आयोजकों के अनुसार प्रतियोगिता में दो हजार से अधिक ह्यूमनॉइड रोबोट हिस्सा ले रहे हैं। पांच दिन तक चलने वाले इन खेलों का यह दूसरा सत्र है। अमेरिका के साथ तकनीकी प्रतिस्पर्धा बढ़ने के बीच यह आयोजन रोबोटिक्स के क्षेत्र में चीन की तेजी से बढ़ती क्षमता का प्रदर्शन कर रहा है। इसमें दौड़, टेबल टेनिस और फुटबॉल समेत 51 स्पर्धाओं में एक हजार से अधिक मुकाबले होंगे। इन खेलों का आयोजन 2022 शीतकालीन ओलंपिक के लिए बनाए गए नेशनल स्पीड स्केटिंग ओवल में हो रहा है।




---

## ऑस्ट्रेलिया ड्रॉ खेलकर सेमीफाइनल में पहुंचा

# भारतीय महिला हॉकी टीम सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर

एम्सटेलवीन

विश्व कप में अब तक शानदार प्रदर्शन करने वाली भारतीय महिला हॉकी टीम बड़े मैच का दबाव नहीं झेल सकी और 'करो या मरो' के मुकाबले में आस्ट्रेलिया से गोलरहित बराबरी के बाद समान अंक होने के बावजूद गोलों की गिनती के आधार पर सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो गई। भारत को सेमीफाइनल में जाने के लिये यह मैच हर हालत में जीतना था। पहले दौर में पूल डी में चीन से ड्रॉ का एक अंक भारत के पास था जबकि आस्ट्रेलिया भी एक अंक लेकर आई थी। इसके बाद आकलन गोल



औसत के आधार पर होना था जिसमें दोनों के माइनस दो गोल थे। आस्ट्रेलिया ने तीन गोल किये और पांच गंवाये थे जबकि भारत ने दो गोल किये और चार गंवाये थे। औसत भी बराबर रहने के बाद गोल की गिनती में आस्ट्रेलिया एक गोल आगे था और सेमीफाइनल में पहुंच गया। दूसरे चरण के पहले मैच में नीदरलैंड से दो गोल से हारने से पहले शानदार प्रदर्शन करने वाली भारतीय टीम आज लय में नजर नहीं आई। कई आसान मौके गंवाये और रैंकिंग में अपने से महज एक स्थान ऊपर काबिज आस्ट्रेलिया से गेंद पर कब्जा छीनने में भी नाकाम रही। भारतीय कोच शोर्ड मारिन ने आखिरी पांच मिनट में गोलकीपर बिछू देवी को भी हटा दिया था लेकिन फिर भी भारतीय टीम खाता नहीं खोल सकी। अब भारत क्लासीफिकेशन मैच खेलेगा जबकि नीदरलैंड और आस्ट्रेलिया पूल ई से सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं। भारतीय खिलाड़ी पहले हाफ में वह तत्परता और तालमेल नहीं दिखा सके जो टूर्नामेंट में अब तक देखने को मिला था।

### पुरुष हॉकी : सेमीफाइनल के लिए भारत का 'आखिरी दांव'!

एम्सटेलवीन। नीदरलैंड से पिछले मैच में हारने के बाद भारतीय टीम विश्व कप सेमीफाइनल की दौड़ से लगभग बाहर होने की कगार पर है। हालांकि अभिषेक की आखिरी पूल मैच में इंग्लैंड की अर्जेंटीना के हाथों हार ने तकनीकी तौर पर रास्ते बंद नहीं किए हैं लेकिन हरमनप्रीत सिंह की टीम को इसके लिए बड़ी जीत के साथ दूसरे मैच का परिणाम भी अनुकूल रहने की दुआ करनी होगी। विश्व कप के नए प्रारूप के तहत पूल ई और एफ में दूसरे दौर में शीर्ष दो स्थान पर रहने वाली टीमें सेमीफाइनल में जाएंगी। इंग्लैंड को रियो ओलंपिक 2016 चैंपियन अर्जेंटीना ने 3-1 से हराया लेकिन पहले दौर में भारत पर मिली जीत के कारण इंग्लैंड के पास तीन अंक हैं।

# निकायों में निस्तारित शिकायतों का फीडबैक असंतोषजनक होने पर डीएम ने की नाराजगी व्यक्त

( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** जिलाधिकारी गौरांग राठी ने आई0जी0आर0एस0 एवं ऑनलाइन शिकायतें, हेल्पलाइन- 1076 माध्यमों से प्राप्त शिकायतों के संबंध में जूम ऐप के माध्यम से प्राप्त शिकायतों के फीडबैक संबंधित समीक्षा बैठक की। जूम मीटिंग की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी श्री गौरांग राठी ने कहा की माननीय मुख्यमंत्री जी एवं अन्य उच्चाधिकारियों द्वारा समय-समय पर आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त संदर्भों के निस्तारण एवं गुणवत्ता की स्थिति की समीक्षा शासन स्तर पर लगातार की जा रही है, जिसमें शिकायतों का त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के अनुपालन में सभी विभागाध्यक्ष असंतुष्ट शिकायतों व अन्य रिपीटेड शिकायतकर्ताओं से स्वयं के द्वारा स्थलीय सत्यापन व टेलिफोनिक संवाद कर संतुष्टिपरक निस्तारण सुनिश्चित करें, जिससे फीडबैक संतोषजनक प्राप्त हो।




उन्होंने निर्देश दिये कि जन सामान्य की समस्याओं का गुणवत्तापरक निस्तारण करना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता का बिन्दु है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने कहा कि असंतोषजनक शिकायतों की विभागीय अधिकारी स्वयं समीक्षा करें और प्राप्त फीडबैक वाली असंतोषजनक शिकायतों का भलीभांति प्रकार से परीक्षण करते हुए गुणवत्तापरक निस्तारण करना सुनिश्चित करें, अन्यथा सख्त कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी श्री गौरांग राठी ने आईजीआरएस पोर्टल की समीक्षा करते हुए समस्त नगर निकायों, जल निगम नगरीय एवं ग्रामीण द्वारा निस्तारित शिकायतों का फीडबैक असंतोषजनक प्राप्त होने पर सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए सुधार लाए जाने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त उन्होंने आईजीआरएस पोर्टल पर विभागों में प्राप्त शिकायतों में शिकायतकर्ताओं से संपर्क करते हुए फीडबैक अवश्य प्राप्त करें। उन्होंने ताकीद करते हुए कहा कि यदि भविष्य में शिकायतों के फीडबैक में सुधार नहीं होता है तो संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। जिलाधिकारी ने आईजीआरएस पोर्टल की समीक्षा करते हुए ईडीएम श्री आकाश रंजन को निर्देशित किया कि जल्द ही समस्त विभागीय अधिकारियों को शिकायतों के फीडबैक को पोर्टल पर कैसे देखा जा सकता है। उसकी बिंदु बार जानकारी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, ताकि सभी अधिकारी पोर्टल पर अपनी विभागीय शिकायतों के फीडबैक का संज्ञान लेते हुए शिकायतों के फीडबैक को संतोषजनक प्राप्त कर सके। जूम मीटिंग का संचालन अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे श्री योगेश कुमार ने करते हुए जिलाधिकारी को दिनांक 01 अगस्त से 22 अगस्त 2026 तक पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण के फीडबैक की जानकारी दी। उन्होंने जूम मीटिंग से जुड़े 62 विभिन्न विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि संतोषजनक फीडबैक को संवेदनशील होकर अपलोड करना सुनिश्चित करें ताकि जनपद की रैंकिंग में सुधार लाया जा सके। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी श्री रामेश्वर सुधाकर सब्बनवाड, एडीएम प्रशासन श्री शिव प्रताप शुक्ल, एडीएम नमामि गंगे श्री योगेन्द्र कुमार, एडीएम वित्त एवं राजस्व श्रीमती पल्लवी मिश्रा, अपर नगर आयुक्त श्री राहुल यादव, जिला पूर्ति अधिकारी सुश्री सौम्या अग्रवाल, अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण/नगरीय, जिला दिव्यांग एवं सशक्तिकरण अधिकारी, जिला प्रोवेशन अधिकारी सहित समस्त तहसीलदार, नायब तहसीलदार, अधिशासी अधिकारी नगरपालिका/नगर पंचायत, और विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे।

# छात्रावास की व्यवस्थाओं का जिला विद्यालय निरीक्षक ने लिया जायजा

( यंग भारत न्यूज )

**बरुआसागर।** पी.एम.श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, बरुआसागर में संचालित बालिका छात्रावास का जिला विद्यालय निरीक्षक' रती वर्मा द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय की प्रधानाचार्या प्रमिला, शिक्षिका नीतू सिंह एवं छात्रावास की वार्डन सुश्री सरिता तिवारी उपस्थित रहीं। छात्रावास में वर्तमान में 37 बालिकाएँ आवासित हैं। निरीक्षण के दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक ने छात्रावास में रह रही बालिकाओं से सीधे संवाद कर उनकी पढ़ाई, आवासीय व्यवस्था, दैनिक आवश्यकताओं तथा छात्रावास से संबंधित समस्याओं एवं सुझावों के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने छात्रावास के प्रत्येक कक्ष में जाकर छात्राओं से उनकी कक्षाओं, अध्ययन एवं छात्रावास की व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली।



उन्होंने छात्रावास की रसोई एवं स्टोर का निरीक्षण करते हुए उपलब्ध खाद्य सामग्री, भोजन की गुणवत्ता तथा खान-पान की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। तैयार किए जा रहे भोजन का भी निरीक्षण किया तथा रसोई में कार्यरत कर्मचारियों को भोजन तैयार करते समय स्वच्छता एवं गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। साथ ही सभी रसोइयों को समय-समय पर अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराने के लिए निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक ने छात्राओं के साथ भोजन भी किया। छात्रावास के शौचालयों, कक्षों एवं साफ-सफाई की व्यवस्था का भी निरीक्षण किया गया। कक्षों में साफ-सफाई एवं सुव्यवस्थित व्यवस्था मिलने पर जिला विद्यालय निरीक्षक ने प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने प्रधानाचार्या एवं छात्राओं को स्वच्छता को छात्रावास की नियमित दिनचर्या का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि प्रत्येक माह छात्रावास के कक्षों की साफ-सफाई एवं सुव्यवस्था के आधार पर छात्राओं को अंक प्रदान किए जाएंगे तथा वर्ष के अंत में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्रा को पुरस्कृत किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य छात्राओं में स्वच्छता, अनुशासन, जिम्मेदारी एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करना है। निरीक्षण के दौरान बालिकाओं से व्यक्तिगत स्वच्छता एवं माहवारी स्वच्छता के संबंध में भी जानकारी ली गई तथा माहवारी के दौरान उपलब्ध कराए जाने वाले सैनिटरी पैड एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की स्थिति के बारे में जानकारी प्राप्त की गई।जिला विद्यालय निरीक्षक ने छात्रावास में रखी गई विभिन्न पंजिकाओं एवं अभिलेखों का भी अवलोकन किया। इसके साथ ही पुस्तकालय एवं वार्डन कक्ष का निरीक्षण कर उपलब्ध सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं की जानकारी ली। छात्राओं के लिए उपलब्ध पुस्तकों एवं अध्ययन सामग्री के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की गई। बालिकाओं की सुरक्षा को विशेष प्राथमिकता देते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक ने प्रधानाचार्या को निर्देशित किया कि छात्रावास में सभी महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों के साथ-साथ जिला विद्यालय निरीक्षक एवं प्रधानाचार्या के संपर्क नंबर का स्पष्ट एवं प्रमुख स्थान पर वॉल पेंटिंग कराई जाए, ताकि किसी भी आवश्यकता अथवा आपात स्थिति में बालिकाएँ तत्काल सहायता प्राप्त कर सकें। छात्राओं की शैक्षणिक एवं डिजिटल आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए छात्रावास में स्मार्ट टीवी की व्यवस्था किए जाने के निर्देश भी दिए गए। इससे विशेष रूप से इंटरमीडिएट स्तर की छात्राओं को विषयगत एवं ज्ञानवर्धक वीडियो के माध्यम से अध्ययन करने तथा अपने ज्ञान का विस्तार करने में सहायता मिलेगी। निरीक्षण के दौरान छात्राओं से उनकी आवश्यकताओं एवं समस्याओं के संबंध में खुले मन से संवाद किया गया और उन्हें आश्वस्त किया गया कि उनकी सुरक्षा, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाएगा। अंत में जिला विद्यालय निरीक्षक ने छात्रावास की साफ-सफाई, अनुशासन एवं समग्र व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए प्रधानाचार्या एवं संबंधित कर्मचारियों को बालिकाओं के लिए सुरक्षित, स्वच्छ, स्वस्थ एवं अध्ययन-अनुकूल वातावरण बनाए रखने के निर्देश दिए।

# डॉ. संदीप की अगुवाई में आस्था का सैलाब, भव्य कांवड़ यात्रा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

( यंग भारत न्यूज )

**ललितपुर।** भगवान शिव की भक्ति और आस्था से ओतप्रोत विशाल कांवड़ यात्रा 2026 सोमवार को तुवन मंदिर परिसर से भव्य धार्मिक वातावरण के बीच निकाली गई। यात्रा में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। जैसे-जैसे कांवड़ यात्रा आगे बढ़ी, मार्ग में श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ती गई और पूरा वातावरण हर-हर महादेव तथा बम-बम भोले के जयकारों से गूंज उठा।



यात्रा का शुभारंभ तुवन मंदिर प्रांगण से प्रातः 8 बजे हुआ। यात्रा विभिन्न मार्गों से होते हुए श्री नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर, पाली की ओर रवाना हुई। आयोजन को लेकर विशाल कांवड़ यात्रा सेवा समिति, ललितपुर द्वारा व्यापक तैयारियां की गई थीं। यात्रा में बड़ी संख्या में महिला, पुरुष, युवा और बच्चे शामिल रहे। कांवड़ यात्रा की विशेष आकर्षण का केंद्र रही सजी हुई बग्गियां, जिनमें नन्हे बच्चे भगवान शिव-पार्वती, राधा-कृष्ण तथा अन्य देवी-देवताओं का रूप धारण कर विराजमान रहे। बच्चों के मनमोहक स्वरूप ने श्रद्धालुओं का ध्यान आकर्षित किया और जगह-जगह लोगों ने रुककर धार्मिक झांकियों के दर्शन किए।यात्रा के मार्ग में पड़ने वाले गांवों और प्रमुख स्थानों पर श्रद्धालुओं द्वारा कांवड़ यात्रियों का पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। कई स्थानों पर जलपान एवं अन्य व्यवस्थाएं भी की गईं। महिलाओं की टोली हाथों में कलश लेकर यात्रा में आगे चलती नजर आई, जबकि उनके पीछे डीजे की धार्मिक धुनों पर श्रद्धालु भक्ति गीतों पर झूमते और नृत्य करते दिखाई दिए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संघर्ष सेवा समिति, झांसी के संस्थापक डॉ. संदीप सरावगी विशेष रूप से मौजूद रहे। उन्होंने विशाल कांवड़ यात्रा में उमड़े श्रद्धालुओं की आस्था और उत्साह की सराहना करते हुए कहा कि भगवान शिव की भक्ति लोगों को आपसी प्रेम, सेवा और सद्भाव का संदेश देती है। उन्होंने कहा कि इस तरह के धार्मिक आयोजन समाज को अपनी संस्कृति और परंपराओं से जोड़ने के साथ-साथ लोगों में एकता और भाईचारे की भावना को मजबूत करते हैं। आगे उन्होंने कहा कि कांवड़ यात्रा केवल धार्मिक यात्रा नहीं, बल्कि श्रद्धा, सेवा और सामाजिक एकता का प्रतीक है। उन्होंने यात्रा में शामिल सभी श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं देते हुए आयोजन समिति और सहयोग करने वाले लोगों की सराहना की। यात्रा के दौरान हर-हर महादेव, बम-बम भोले के जयकारों से पूरा क्षेत्र शिवमय नजर आया। श्रद्धालुओं में यात्रा को लेकर खासा उत्साह दिखाई दिया। विशाल कांवड़ यात्रा के सफल आयोजन में समिति के पदाधिकारियों, सदस्यों, स्थानीय लोगों और सहयोगियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# एरच के मड़िया महादेव पर विधायक ने किया रुद्राभिषेक

## क्षेत्र से हज़ारों की संख्या में भक्तों ने लिया हिस्सा

( यंग भारत न्यूज )

**एरच।** एरच घाट के मड़िया महादेव मंदिर पर क्षेत्रीय विधायक जवाहरलाल राजपूत ने रुद्राभिषेक करके जलाभिषेक किया। इस दौरान वेतवा नदी की आरती की गई।भजन संध्या का कार्यक्रम आयोजित किया गया।



इसके बाद विशाल भंडारे में भक्तों ने देर रात तक प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख गुरसरांय टीकाराम पटेल, अमित चौरसिया, गीता श्रीवास्तव, राघवेंद्र निरंजन, सत्यप्रकाश तिवारी सिया,अजय शुक्ला, महेश मुखिया,ओमकार सिंह,अखिलेश तिवारी सुट्टा,राहुल राजपूत, अखिलेश तिवारी छिरोरा, राजू पाठक आमली,सुमित पाठक खड़ौरा, सरजू शरण पाठक,राजबहादुर सिंह सहित क्षेत्र से हजारों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# उपजिलाधिकारी ने गल्ला मंडी का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को सुधारने के निर्देश दिये

## किसानों तथा व्यापारियों से संवाद किया

( यंग भारत न्यूज )



**कालपी जालौन।** सोमवार को उपजिलाधिकारी विनय कुमार मौर्य ने कदौरा गल्ला मंडी का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने जिम्मेदारों को वर्षा से परिसर में फैली गंदगी एवं जलभराव को देखते हुए स्वच्छता बनाने एवं व्यवस्थित रखने के निर्देश दिये गये ।निरीक्षण के दौरान उन्होंने किसानों से संवाद स्थापित किया।

दोपहर को औचक तरीके से गल्ला मंडी में पहुंच कर उपजिलाधिकारी विनय कुमार मौर्य ने संबन्धित अभिलेखों एवं कार्यप्रणाली की जानकारी ली। उन्होंने ऑनलाइन एवं ऑफलाइन रिकॉर्ड की जांच करते हुए अभिलेखों को अद्यतन एवं व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। एसडीएम ने मंडी शुल्क वसूली की समीक्षा करते हुए राजस्व बढ़ाने के निर्देश दिये। उपजिलाधिकारी ने गल्ला मंडी में किसानों तथा व्यापारियों से वार्ता कर उनकी समस्याओं एवं सुझावों की जानकारी लेकर समाधान करने का भरोसा दिया।

# बख़्श नहीं जाएंगे फोन न उठाने वाले थानेदार, नवांगतुक एसएसपी ने दिखाए तेवर

( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** जिले का पदभार ग्रहण करने के बाद सोमवार को मीडिया से रूबरू होकर जिले के नवांगतुक पुलिस कप्तान विकास कुमार ने कानून व्यवस्था को दुरुस्त बनाए रखने के लिए पुलिस और मीडिया का आपसी सहयोग बनाए रखने की अपील। उन्होंने मीडिया से चर्चा की दौरान कहा कि झांसी बेहतर है, इसे और बेहतर बनाने का प्रयास करेंगे। बुंदेलखंड क्षेत्र विकास के पथ पर है, विकास की गाड़ी तभी दौड़ सकती है जब पटरी मजबूत हो। विकास की रफ्तार और तेजी से बढ़ेगी। एसएसपी विकास कुमार 2017 बेच के आईपीएस बिहार के रहने वाले है। उन्होंने ट्रेनिंग गोरखपुर में हुई। इसके बाद पुलिस कप्तान के रूप में उनकी पहली पोस्टिंग फर्रुखाबाद, बलराम पुर और अब तीसरी पोस्टिंग जिले के पुलिस कप्तान के रूप में जनपद झांसी में हुई। इसके अलावा वह आगरा सहित अन्य जिलों में एस पी सिटी के पद पर तैनात रहे।



# सिंह वाहिनी मंदिर में चल रहे शिव पुराण कथा के तीसरे दिन उमड़े श्रद्धालु

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** नगर के प्राचीन मां सिंह वाहिनी मंदिर में चल रही सात दिवसीय शिव महापुराण कथा के तीसरे दिन रविवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पडी। कथा व्यास सुनील पाठक ने श्रद्धालुओं को भगवान शिव की महिमा, नारद मोह लीला और भक्ति के विभिन्न स्वरूपों का विस्तार से वर्णन सुनाया। कथा वाचक ने नारद मोह लीला का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि भगवान की भक्ति में अहंकार का कोई स्थान नहीं है। मनुष्य को सदैव विनम्र भाव से ईश्वर का स्मरण करना चाहिए। उन्होंने भगवान शंकर की भक्ति का वर्णन करते हुए कहा कि सच्ची श्रद्धा और समर्पण के साथ की गई भक्ति मनुष्य को ईश्वर के करीब ले जाती है। कथा के दौरान पार्वती जी की भगवान शिव के प्रति अटूट भक्ति और समर्पण का भी विस्तार से वर्णन किया गया। कथा वाचक ने कहा कि माता पार्वती ने कठिन तपस्या और अटूट विश्वास के माध्यम से भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त किया। उनकी भक्ति, तप और धैर्य श्रद्धालुओं के लिए प्रेरणादायक हैं।

**लोकतांत्रिक तरीके से बनी भाजपा सरकार अब घोंट रही है लोकतंत्र का गला**

# भाजपा सरकार तानाशाही कर रही है इसीलिए उसने ना कार्यकर्ता सम्मेलन हो दे दिया न प्रेस वार्ता-मुकेश साहनी

- डीएम का सगा भाजपा विधायक भी साजिश में शामिल
- भाजपा यदि आरक्षण न हटाने का संकल्प करें तो वह मंत्री संजय निषाद और एनडीए का समर्थन करने को तैयार



( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** बिहार प्रदेश वीआई पी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष वी बिहार सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री मुकेश साहनी ने उत्तर प्रदेश की सरकार और जालौन के जिला प्रशासन पर तीखा आरोप लगाते हुए कहा कि कि भाजपा के प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार तानाशाही पर उत्तर आई है 4 दिन पहले उनकी विप पार्टी के निषाद समाज के लोगों का जो कार्यकर्ता सम्मेलन उरई के जायसवाल टावर सभागार में होना था। हनुमत होने के बाद और वक्त पर भाजपा की तानाशाही सरकार और जिला प्रशासन ने और वक्त पर कैंसिल कर दिया। जैसे जिले के दूर-दूर धारा के क्षेत्र से आए निषाद समाज के बहन और भाइयों को भारी तकलीफ हुई सैकड़ो कार्यकर्ता बहन और भाइयों को भूखे रहना पड़ा। क्योंकि कार्यकर्ता सम्मेलन में ही खाने पीने की व्यवस्था की गई थी।

उन्होंने कहा उन्हें जानकारी मिली है कि जिलाधिकारी के कोई जीजा है जो विधायक है भाजपा के उनके इशारे पर भी यह तानाशाही पूर्ण कार्य हुआ है। हम तो पूरे उत्तर प्रदेश में गोरखपुर से लेकर तमाम मंडलों में कार्यकर्ताओं को जगाने के लिए निकले हैं।

# उरई में मुकेश सहनी समेत 70 लोगों के खिलाफ दर्ज हुई एफआईआर

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन।** जालौन के उरई में विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के सुप्रीमो एवं बिहार सरकार के पूर्व मंत्री मुकेश सहनी समेत पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के खिलाफ उरई कोतवाली पुलिस ने कलेक्ट्रेट परिसर में हंगामा, नारेबाजी और जातिगत विद्वेष फैलाने वाली टिप्पणी व भाषणबाजी के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक कार्रवाई उरई कोतवाली की जेल चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक विवेक कुमार मिश्र की तहरीर पर की गई है।

उरई कोतवाली के प्रभारी आनंद कुमार सिंह के अनुसार सोमवार 24 अगस्त को दोपहर करीब 12:30 बजे सूचना मिली कि कलेक्ट्रेट परिसर में विकासशील इंसान पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता हंगामा कर रहे हैं। सूचना पर उपनिरीक्षक विवेक कुमार मिश्र पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस का आरोप है कि मुकेश सहनी, कार्यक्रम प्रभारी अच्छेलाल निषाद निवासी बारागांव बांदा, कमलेश सिंह निषाद निवासी कुठौंद, सनोज कुमार निषाद निवासी शेखपुरा गुढ़ा, भारत सिंह निषाद, अखिल अच्छेलाल निषाद, पहलवान सोबरन पाल और राधाचरण रायकरवार निवासी रामनगर उरई समेत करीब 60-70 अज्ञात महिला-पुरुष कलेक्ट्रेट पहुंचे थे। तहरीर में आरोप लगाया गया है कि प्रदर्शनकारियों के साथ 5-6 बाउंसर भी मौजूद थे और बिना अनुमति अथवा वैध आदेश के जिलाधिकारी कार्यालय परिसर में प्रवेश किया गया। इसके बाद नारेबाजी और भाषणबाजी की गई। पुलिस ने आरोप लगाया है कि इस दौरान जातिगत विद्वेष फैलाने वाली टिप्पणियां की गईं। पुलिस के मुताबिक प्रदर्शनकारी जिलाधिकारी कार्यालय के सामने स्थित पंडित गोविंद वल्लभ पंत की प्रतिमा के पास बगीचे में भी एकत्र होकर नारेबाजी और हंगामा करने लगे। इससे कलेक्ट्रेट में आने वाले आम फरियादियों और जनमानस को परेशानी का सामना करना पड़ा। पुलिस ने बगीचे में लगे पेड़ और गमलों के क्षतिग्रस्त होने का भी आरोप लगाया है। मामले में उपनिरीक्षक विवेक कुमार मिश्र की तहरीर पर मुकेश सहनी समेत आठ ज्ञात आरोपियों, 60-70 अज्ञात महिला-पुरुषों तथा 5-6 अज्ञात बाउंसरों के खिलाफ मुकदमा अपराध संख्या 493/2026 दर्ज किया गया है। पुलिस ने मामले में बीएनएस की धारा 191(2), 196, 223 और 324(4) के तहत कार्रवाई की है।

मालिक.मुद्रक, प्रकाशक, संपादक संजय श्रीवास्तव द्वारा सेलेक्ट ऑफसेट पता 17, सरकपुर सरैया, छठामील, बी०के०टी० लखनऊ उ0प्र0.226201, लखनऊ से मुद्रित एवं 20 कृष्णा नगर उरई जालौन से प्रकाशित प्रधान संपादक संजय श्रीवास्तव फोन न. +919415055318
(पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिमेदार सभी विवादों का न्याय क्षेत्र उरई जालौन न्यायालय के अधीन होगा। निदेशक अनिल शर्मा, प्रबंध संपादक इं० शिवम श्रीवास्तव RNI NO UPHIN/2011/39718